रोहतक
रविवार 18 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 350
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 22.8
न्यून. 3.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 बांग्लादेश को 18 रन से हराया, विहान को 4 विकेट, वैभव और अभिज्ञान की फिफ्टी




हरिभूमि पाठक सर्वे योजना हरियाणा

## खबर संक्षेप

### इस बार गणतंत्र दिवस पर निकलेंगी 30 झांकियां

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को भारत 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार मुख्य परेड की थीम वंदे मातरम् पर रखी गई है। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर 30 झांकियां निकलेंगी, जो 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम्, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी। कर्तव्य पथ पर एनक्लोजर के बैकग्राउंड में वंदे मातरम् की लाइन्स वाली पुरानी पेंटिंग बनाई जाएगी।

### 25 फरवरी से हरियाणा बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं



**भिवानी/रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जाने वाली 10वीं (सेकेंडरी) और 12वीं (सीनियर सेकेंडरी) की परीक्षाएं 25 फरवरी से संभावित हैं। वहीं इस बार परीक्षाओं को लेकर शिक्षा बोर्ड द्वारा कई बदलाव किए गए हैं, चाहे वह परीक्षा केंद्र निर्धारित करना हो या फिर प्रश्न पत्र या उत्तर पुस्तिकाओं का प्रकाशन, बहुत कुछ बदला नजर आएगा। शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी के स्कूल या गांव से परीक्षा केंद्र ज्यादा से ज्यादा एक या दो किलोमीटर दूर ही होगा। वहीं आंसर सीट पर इस बार क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इस बार हरियाणा में पिछले साल के मुकाबले 56 हजार 468 परीक्षार्थी अधिक बोर्ड परीक्षा देंगे।

**प्री-बोर्ड परीक्षाओं की तारीख बदली :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव किया है। नोटिस के अनुसार 23 जनवरी को होने वाली 10वीं कक्षा की हिंदी की परीक्षा अब 31 जनवरी को होगी। वहीं, 12वीं कक्षा की गणित/ जीव विज्ञान/ राजनीति विज्ञान/ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा अब पांच फरवरी को होगी

### डीजीसीए ने इंडिगो पर ठोका 22 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डीजीसीए की जांच रिपोर्ट में इंडिगो फ्लाइट संकट के लिए एयरलाइन की गंभीर



लापरवाही सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक इंडिगो पर 22 करोड़ 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही निर्देशों के पालन और दीर्घकालिक सिस्टम सुधार सुनिश्चित करने के लिए डीजीसीए के पक्ष में 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करने का आदेश दिया गया है।

### दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए एक बार फिर शनिवार शाम से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (ग्रैप) के स्टेज-4 की पाबंदियां लागू कर दी गईं। ग्रैप-4 हवा जहरीली (एक्यूआई 450 से अधिक) होने पर लागू किया जाता है। इसे सीवियर प्लस कैटेगरी कहा जाता है। सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है।

---

**सरकार ने योजना में किया बदलाव**

एक फरवरी से नया नियम होगा लागू

*तीसरी किश्त के 181 करोड़ जारी*

# 1100 हुई लाडो की लक्ष्मी 1000 की आरडी या एफडी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने पंडित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव किया है। अब इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में 2100 रुपये की जगह 1100 रुपये आएंगे। यह बदलाव फरवरी से लागू होगा। शनिवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के 2100 रुपये में से 1000 रुपये सरकार द्वारा संचालित आवर्ती जमा (आरडी) या सावधि जमा (एफडी) खाते में जमा किए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लाभार्थी की मृत्यु होने पर यह राशि तुरंत नॉमिनी को प्रदान कर दी जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। हरियाणा में भी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत 8 लाख 63 हजार 918 लाभार्थी बहनों के खातों में 181 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त जारी की गई है। आज की राशि को मिलाकर, तीन किस्तों में कुल 441 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है।

### इन महिलाओं को योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ उन बच्चों की माताओं को भी मिलेगा, जिन्होंने सरकारी स्कूलों में कक्षा 10 या 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 80% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 1 से 4 तक के जो बच्चे निपुण भारत मिशन के तहत अपनी कक्षा के स्तर की दक्षता हासिल करेंगे, उनकी माताओं को भी लाभ मिलेगा। साथ ही, जिन माताओं ने अपने बच्चों को गंभीर या मध्यम कुपोषण से सफलतापूर्वक बाहर निकाला है, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

- बच्चों को गंभीर या मध्यम कुपोषण से बाहर निकालने वाली माताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा

### 1100 रुपये सीधे बचत बैंक खाते में जाएंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत, प्रत्येक पात्र महिला को प्रति माह 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। फरवरी 2026 से, 1100 रुपये सीधे लाभार्थी के बचत बैंक खाते में जमा किए जाएंगे, जबकि शेष राशि 1,000 रुपये सरकारी रिकरिंग डिपॉजिट या फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट में जमा किए जाएंगे। जमा की गई रकम, साथ में मिले ब्याज के साथ, मैच्योरिटी पर लाभार्थी को दी जाएगी, जिससे तुरंत मदद और लंबे समय तक फाइनेंशियल सुरक्षा दोनों मिलेंगी।

### गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के 18.56 करोड़ किए जारी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के तौर 6,08,842 लाभार्थियों को 18.56 करोड़ रुपये जारी गए हैं। इस योजना के तहत, योग्य महिलाओं को हर महीने 500 रुपये की सब्सिडी वाली कीमत पर गैस सिलेंडर दिया जाता है। आज जारी की गई सब्सिडी अक्टूबर 2025 महीने की है, और नवंबर और दिसंबर 2025 की सब्सिडी की रकम जल्द ही जारी की जाएगी।

---



14 घंटे में हावड़ा से पहुंचेगी कामाख्या...

# देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को पीएम ने दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन हावड़ा से कामाख्या (गुवाहाटी) के लिए चलेगी। वंदे भारत ट्रेनें अभी तक बैठकर यात्रा करने के लिए डिजाइन की गई थीं। लेकिन अब लंबी दूरी के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए और उनकी यात्रा को सुखद और सुविधाजनक बनाने के लिए स्लीपर वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों के परिचालन का फैसला रेलवे ने लिया है। मोदी पश्चिम बंगाल और असम के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे दोनों राज्यों में कई हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत भी हो रही है। *(पेज-5 भी देखें)*

### भारतीय संस्कृति से प्रेरित डिजाइन

18 जनवरी को हावड़ा से कामाख्या के लिए इस ट्रेन की नियमित सेवा शुरू हो जाएगी। इसमें स्लीपर के साथ एसी1, एसी2 और एसी3 कोच भी शामिल होंगे। इस ट्रेन के इंटीरियर को जहां भारतीय संस्कृति से प्रेरित होकर डिजाइन किया गया है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा के लिए इसमें 'कवच' ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, इमरजेंसी टॉक-बैक यूनिट का इस्तेमाल किया गया है।

---

*सुनाई आप बीती, बोले- वहां हालात बदतर*

# ईरान से लौटे भारतीय, दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजनों से लिपटकर फूट-फूटकर रोए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान में जारी हिंसा के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। कुछ लोग भारत सरकार की पहल से लौटे, तो कुछ अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलते ही कई नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान ईरान में हालात कैसे बिगड़े। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा, 'वहां हालात बहुत खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली पहुंची। भारत सरकार ने गुरुवार को



एडवाइजरी जारी करके भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखने को कहा था। भारत सरकार के प्रयासों से निजी फ्लाइट के जरिए नागरिक वापस लौटे हैं। *(संबंधित खबर पेज -8 पर)*

---

एक माह में 9वीं वारदात

# बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। एक माह में यह 9वीं घटना है। कारोबारी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे मसूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। बाद में उसने रंजिश में वारदात को अंजाम दिया।

**मिठाई की दुकान पर कर्मचारी को बचाने पर मारा**

---

# जानलेवा कोहरा

**सोनीपत, पानीपत, करनाल, रोहतक, झज्जर सहित कई जिलों में दृश्यता जीरो, कई जगह सड़क हादसे**

**केएमपी पर टकराए 30 से 35 वाहन एक दर्जन घायल कई की हालत गंभीर**

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में शनिवार सुबह सोनीपत, पानीपत, करनाल, रोहतक और झज्जर के साथ जीटी रोड के अन्य जिलों समेत प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। इस वजह से कई जगह सड़क हादसे हुए। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से मौसम में बदलाव आएगा। कई क्षेत्रों में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में बीती रात को औसत न्यूनतम तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है। सबसे कम तापमान नारनौल (महेंद्रगढ़) में 3.0 डिग्री दर्ज किया गया, जो हरियाणा का सबसे ठंडा स्थान रहा। *(पेज-5 भी देखें)*



### करनाल : 4 गाड़ियां भिड़ी महिला की टांग कटी

इसी बीच करनाल में नेशनल हाईवे पर कुटेल के पास कोहरे के कारण लिबर्टी कंपनी की बस के साथ चार गाड़ियां टकरा गईं। इसमें बस ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं, जबकि एक महिला की टांगें कटने की सूचना है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

### पानीपत : कोहरे ने ली युवक की जान

पानीपत के इसराना स्थित एनसी मेडिकल कॉलेज के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीस वर्षीय मामन निवासी गांव बलाना की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मामन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। माना जा रहा है कि कोहरे में मामन किसी वाहन की चपेट में आया होगा।

### आगे शुष्क रहेगा मौसम

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक ,18, 19 और 20 जनवरी को भी राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। इन दिनों भी कुछ स्थानों पर कोहरा छा सकता है। 19 जनवरी को एक-दो जगह हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, लेकिन इसका असर सीमित रहेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है।

---

**हिसार में गाड़ी की छत पर बैठे युवकों को उतारने के लिए चढ़ा था पुलिसकर्मी**

# पुलिसकर्मी चिल्लाता रहा और हुड़दंगी युवक दौड़ाते रहे स्कॉर्पियो

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हुड़दंग मचा रहे कुछ युवकों ने पुलिसकर्मी को लटकाकर स्कॉर्पियो गाड़ी दौड़ा ली। आईजी ऑफिस के सामने पुलिसकर्मी स्कॉर्पियो की छत पर बैठकर युवकों को रोकने के लिए ऊपर चढ़ गया था। पुलिसकर्मी चिल्लाता रहा और युवक स्कॉर्पियो दौड़ाते रहे। वह गाड़ी के साइड में लटका रह गया। जिस समय यह घटना हुई, पास में ही डायल 112 की गाड़ी खड़ी थी, लेकिन वह बिना किसी डर के गाड़ी को भगा ले गए। पास में ही खड़े एक युवक ने पूरी घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर 2 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पिता के मेघालय में माइनिंग के ठेके हैं। वहीं, पुलिस ने दोनों से कान पकड़वाकर उठक-बैठक भी लगवाई।



### घटना का वीडियो वायरल

घटना 14 जनवरी की रात की है। अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि स्कॉर्पियो की छत पर दो युवक हैं। पुलिसकर्मी इन्हें उतारने के लिए खुद स्कॉर्पियो पर चढ़ जाता है।

---

*भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के बीच पलटवार*

# अमेरिकी दालों पर भारत ने लगाया 30 फीसदी टैरिफ, घबराए सीनेटरों की ट्रंप से दखल की गुहार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने गुपचुप तरीके से अमेरिकी दालों पर 30% का टैरिफ लगा दिया है। इस फैसले से अमेरिका में हड़कंप मच गया है और शुक्रवार को दो अमेरिकी सीनेटरों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मसले पर बात करने का आग्रह किया है। इस फैसले को अमेरिकी टैरिफ के जवाब में की गई कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। यह टैरिफ पिछले 1 नवंबर से लागू भी हो गया है। यह घटनाक्रम भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं को और जटिल बना सकता है। पत्र में नॉर्थ डकोटा के सीनेटर केविन



क्रेमर और मोंटाना के स्टीव डेन्स ने बताया कि भारत ने 30 अक्टूबर को अमेरिकी मटर पर 30% शुल्क लगाया था, जो 1 नवंबर से प्रभावी हो गया। यह कदम काफी हद तक अनदेखा रह गया और सरकार द्वारा इसका प्रचार नहीं किया गया। यह दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बीच भारत की कूटनीतिक संतुलन-नीति को दर्शाता है।

### अमेरिकी उत्पादकों को भारी नुकसान

सीनेटरों ने ट्रंप से आग्रह किया कि वे किसी भी व्यापार समझौते से पहले अमेरिकी दालों के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करें। भारत दुनिया में सबसे बड़ा दाल उपभोक्ता है। भारत वैश्विक खपत का लगभग 27% हिस्सा रखता है। सीनेटरों ने कहा कि भारत में सबसे अधिक खपत वाली दालें मसूर, चना, सूखी बींस और मटर हैं। फिर भी भारत ने अमेरिकी दालों पर भारी टैरिफ लगा दिए हैं। सीनेटरों ने उल्लेख किया कि उन्होंने इस मुद्दे को ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी उठाया था।

---

**रेवाड़ी के किसान तीन दिन रहेंगे राष्ट्रपति मुर्मू के मेहमान**

# पिता की कैंसर से मौत हुई तो किसान ने अपनाई प्राकृतिक खेती, गणतंत्र दिवस पर मिलेगा सम्मान

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के गांव कंवाली के किसान यशपाल खोला तीन दिन तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मेहमान बनेंगे। देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किए जाने वाले छह किसानों में यशपाल खोला का नाम भी शामिल है। इसके लिए राष्ट्रपति भवन की ओर से उन्हें आधिकारिक निमंत्रण मिला है। यशपाल खोला 25 जनवरी को अपनी पत्नी अनीता कुमारी के साथ दिल्ली रवाना होंगे और 28 जनवरी को वापस लौटेंगे। यशपाल ने साल 2018 में पिता की कैंसर से हुई मौत के बाद पूरी तरह प्राकृतिक खेती को अपना लिया था। राष्ट्रपति भवन तक पहुंचाने और वहां रहने की पूरी व्यवस्था सरकार करेगी।



*» राष्ट्रपति भवन से आधिकारिक निमंत्रण मिला*

*» आने जाने की पूरी व्यवस्था सरकार करेगी*

### कई किसानों के लिए मार्गदर्शक

यशपाल ने न केवल खुद प्राकृतिक खेती को अपनाया, बल्कि एक बड़े रकबे को प्राकृतिक खेती में बदलने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न कृषि संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर न केवल अपने खेतों, बल्कि अन्य किसानों के खेतों में भी प्राकृतिक उत्पादन को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया है। यशपाल खोला ने प्राकृतिक उत्पादों की रिटेल मार्केटिंग का एक प्रभावी और प्रेरक मॉडल भी विकसित किया है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और उपभोक्ताओं तक शुद्ध, सुरक्षित खाद्यान्न पहुंच रहा है। उनका यह मॉडल आज कई किसानों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है।

### मेरे लिए सम्मान की बात: यशपाल

यशपाल खोला ने कहा कि देश की प्रथम नागरिक से निमंत्रण मिलने मेरे लिए गर्व की बात है। राष्ट्रपति भवन में रहने का सम्मान और भी उत्साहवर्धक है। इससे न केवल मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी, बल्कि दूसरे किसान भी प्राकृतिक खेती की तरफ आने को उत्साहित होंगे।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा युवा संवाद का दूसरा संस्करण संपन्न

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा में शनिवार को राजधानी युवा संसद संस्था के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यक्रम विधायी प्रक्रियाओं, नीति निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों से युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर राजधानी युवा संसद संस्था की सह संस्थापक एडवोकेट ईशा कपूर और सह-संस्थापक जय सैनी ने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम में हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से प्रतिभागियों को गहन मार्गदर्शन और प्रेरणा मिली।

### डिजिटल पुलिसिंग से मजबूत हो रही सुरक्षा

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि डिजिटल पुलिसिंग प्लेटफॉर्म को अपनाने से पुलिस व्यवस्था अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-हितैषी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित ये पहल न केवल नागरिकों को सशक्त बना रही हैं, बल्कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्यकुशलता और प्रभावशीलता को भी बढ़ावा दे रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि गृह मंत्रालय के अंतर्गत विकसित डिजिटल पुलिस पोर्टल नागरिकों को एक ही मंच पर अनेक पुलिस सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करा रहा है।

### निर्यात में पिछड़ रहा हरियाणा : दीपेंद्र

चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भारत सरकार के नीति आयोग ने सरकार की नाकामियों को उजागर किया है। आयोग की रिपोर्ट ने बीजेपी सरकार के खोखले विकास के दावों की पोल खोलकर रख दी है। औद्योगिक राज्य के रूप में देश भर में अलग पहचान रखने वाला हरियाणा नीति आयोग की निर्यात तत्परता सूचकांक 2024 रिपोर्ट के अनुसार, समग्र रैंकिंग में गिरकर 10वें स्थान पर पहुंच गया है।

### क्षेत्रीय निदेशक ने किया आयुर्वेद संस्थान का दौरा



चंडीगढ़। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (इंडियन कौंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन-आईसीसीआर) के क्षेत्रीय निदेशक के.अय्यन्नार ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला का दौरा किया। आईसीसीआर क्षेत्रीय निदेशक का एनआईए में पहुंचने पर उप चिकित्सा अधीक्षकडॉ. गौरव गर्ग ने स्वागत किया। उन्होंने आयुर्वेद उपचार, शैक्षणिक, शोध एवं चिकित्सा गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि हर रोज 500 से ज्यादा मरीज ओपीडी हो रही है।

# कांग्रेस और आप की नीतियों ने रंगला पंजाब को बनाया कंगला पंजाब : नायब

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की नीतियों की वजह से आज ऐसे हालात हो गए कि रंगला पंजाब अब कंगला पंजाब बन गया है। दोनों पार्टियों को जनता से कोई लेना देना नहीं है, केवल और केवल मलाई चाटने में लगे है। पंजाब विकास के मामले में बहुत बुरे तरीके से पिछड़ गया है, वहां की जनता में डर है कि पंजाब का भविष्य क्या होगा। इसीलिए लोगों ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही पंजाब का विकास हो सकता है। मुख्यमंत्री शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब को कांग्रेस ने हाशिये पर ले जाने का काम किया है और आम आदमी पार्टी ने तो सारी हदे पार कर दी है। आम आदमी पार्टी जनता का शोषण करने और भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है।

## पंजाब की जनता भविष्य को लेकर डर रही



### पंजाब में किसानों का शोषण कर रही सरकार

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर किसानों का शोषण किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आप नेता अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, तब वो दिल्ली में होने वाले प्रदूषण के लिए पंजाब और हरियाणा के किसानों को जिम्मेवार ठहराते थे। उन्होंने कि पिछले दिनों पंजाब में आई आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि जब पंजाब में बाढ़ आई, उस वक्त पंजाब के मुख्यमंत्री ने बड़ी बड़ी बातें की। खुले तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो यह तक कहा कि वो मुर्गी तक का मुआवजा देंगे। लेकिन किया कुछ नहीं।

**पंजाब चुनाव पर अंतिम फैसला हाईकमान करेगा :** आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी क्या अकेले चुनाव लड़ेगी, इस संबंध में पूछे प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। जो भी दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वो उसे कार्यकर्ता के तौर पर निष्ठा से निभा रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब के लोग उनसे लगातार मिलने आते हैं और कार्यक्रमों का समय लेकर ही मुख्यमंत्री निवास से लौटते हैं। पंजाब दौरों को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए ंजाब का दौरा कर रहे हैं।

# हरियाणा और ब्रिटिश कोलंबिया क्लीन एनर्जी व अन्य क्षेत्रों में करेंगे सहयोग

चंडीगढ़। हरियाणा और कनाडा का ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत अब साझा विकास के साझेदार बनेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर डेविड एबी के नेतृत्व में आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने को लेकर चर्चा की। इस मौके पर दोनों प्रांतों के बीच आर्थिक, औद्योगिक और तकनीकी सहयोग को नई दिशा देने के लिए क्लीन एनर्जी, टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, एग्री-फूड प्रोसेसिंग, स्किल डेवलपमेंट और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रीमियर डेविड एबी ने मुख्यमंत्री से की भेंट



मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य–प्रांत स्तर का सहयोग भारत–कनाडा संबंधों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। ब्रिटिश कोलंबिया क्लीन टेक्नोलॉजी, पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी है, वहीं हरियाणा भी भारत के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल है। दोनों की क्षमताएँ परस्पर पूरक हैं और इससे निवेश, व्यापार तथा रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकते हैं। ब्रिटिश कोलंबिया का क्लीन टेक्नोलॉजी में अनुभव, पर्यावरण से जुड़ी नीतियां, इनोवेशन सेंटर्स तथा पोर्ट ऑफ वैंकुवर जैसे पैसिफिक ट्रेड गेटवे हरियाणा के लिए विशेष महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा - कनाडा ट्रेड, जो वर्तमान में लगभग यूएसडी 280 मिलियन है, वो निरंतर बढ़ रहा है, विशेषकर इंजीनियरिंग गुड्स, ऑटो कंपोनेंट्स, आईटी सर्विसेज और प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स में सहयोग बढ़ रहा है।

## बीज से लेकर बाजार तक किसानों का सहयोग कर रही सरकार : मुख्यमंत्री

# किसानों को प्रोत्साहन, कृषि से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए 659 करोड़ रुपये जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने समावेशी और जन-केंद्रित शासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को कई प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के तहत विभिन्न लाभार्थियों को कुल 858 करोड़ की राशि जारी की, जिसमें पांच कृषि-संबंधी योजनाओं के तहत किसानों के लिए 659 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर, ये पहलें एक समग्र विकास दृष्टिकोण को दर्शाती हैं जिसका उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना और पूरे राज्य में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि को एक लाभदायक और भविष्य के लिए तैयार क्षेत्र बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसानों के बच्चे खेती से जुड़े रहें। बीज से लेकर बाजार तक, हर स्तर पर किसानों का सहयोग करने के सिद्धांत पर काम करते हुए, सरकार ने आज पांच कृषि-संबंधी योजनाओं के तहत अनुदान और प्रोत्साहन के रूप में कुल 659 करोड़ रुपये जारी किए। फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत फसल अवशेष न जलाने वाले 5,54,405 किसानों को प्रोत्साहन के रूप में 461.75 करोड़ रुपये जारी किये गए। किसानों को प्रदान की गई 9,885 फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों के लिए सब्सिडी के रूप में 85.10 करोड़ रुपये, धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) अपनाने वाले 31,605 किसानों को प्रोत्साहन के रूप में 75.54 करोड़ रुपये, खरीफ सीजन 2025-26 के लिए मेरी पानी – मेरी विरासत योजना के तहत 13,500 किसानों को 15.75 करोड़ रुपये जारी किए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में तेजी से योजनाओं को लागू कर रही है। केंद्र की योजनाओं को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।

- मुख्यमंत्री बोले-किसान का बेटा भी खेत और खेती से जुड़े, इस दिशा में काम कर रहे

### किस योजना में कितना पैसा मिला

- फसल अवशेष न जलाने वाले 5 .54 लाख किसानों को 461.75 करोड़ रुपये वितरित किए
- 9885 फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों की सब्सिडी के रूप में 85 .10 करोड़
- 31605 किसानों को धान की सीधी बुवाई के लिए प्रोत्साहन के रूप में 75 .54 करोड़ दिए
- मेरी पानी –मेरी विरासत योजना के तहत 13,500 किसानों को 15 .75 करोड़ रुपये जारी किए



### भावांतर भरपाई योजना में 4073 को मिली प्रोत्साहन राशि

इसके अलावा, भावांतर भरपाई योजना के तहत आलू और फूलगोभी की खेती करने वाले 4,073 किसानों को भाव अंतर के रूप में 20 करोड़ रुपये किये गए। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी. अनुपमा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, डॉ. साकेत कुमार, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग निदेशक प्रशांत पंवार और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।

# अस्पतालों के लिए 160 करोड़ से खरीदे जाएंगे उपकरण व दवाइयां

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से लगभग 160 करोड़ के कई उपकरणों एवं दवाओं की खरीद को मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पेशल हाई-पावर्ड परचेज कमेटी की अध्यक्षता करने के बाद जानकारी दी कि कमेटी ने 6 ऑटोमेटेड हाई थ्रूपुट एनएएटीमशीन (पैथोडिटेक्ट मशीन) के लिए 4 करोड़ रुपये, टीबी मरीजों की टेस्टिंग के लिए 40 ट्रूनेट मशीनों के लिए 6 करोड़, सिविल अस्पतालों के लेबोरेटरी विभागों के लिए 36 ऑटोमैटिक हेमेटोलॉजी एनालाइजर (फाइव पार्ट) के लिए 9.79 करोड़ रुपये, सिविल अस्पतालों के आईसीयू के लिए 1156 सिरिंज इन्फ्यूजन पंप के लिए 5.22 करोड़ रुपये से खरीदे जाएंगे।



### एनसीआर के ट्रॉमा सेंटर होंगे अपग्रेड

एनसीआर क्षेत्र में मौजूदा ट्रॉमा सेवाओं के अपग्रेडेशन के लिए आवश्यक 26 ऑर्थोपेडिक बैटरी ऑपरेटेड कॉर्डलेस ड्रिल सिस्टम के लिए 4.64 करोड़ रुपये, जिला सिविल अस्पतालों के लिए 24 फ्लैट पैनल सी-आर्म (लोअर एंड) के लिए 5.80 करोड़ रुपये, जिला सिविल अस्पतालों की हिस्टोपैथोलॉजी लैब के लिए आवश्यक 11 ग्रॉसिंग स्टेशनों के लिए 2.34 करोड़ रुपये, एनसीआर क्षेत्र में मौजूदा ट्रॉमा सेवाओं के अपग्रेडेशन के लिए आवश्यक 22 डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम खरीदे जाएंगे।

## एचईआरसी की 33वीं बैठक 22 को

चंडीगढ़। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) की 33वीं राज्य सलाहकार समिति की अहम बैठक 22 को होगी। उक्त बैठक सुबह 11 बजे आयोग कॉन्फ्रेंस रूम, पंचकूला में की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता एचईआरसी के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा करेंगे। बैठक में आयोग दोनों सदस्य मुकेश गर्ग और शिव कुमार, प्रदेश की सभी पावर यूटिलिटीज प्रबंध निदेशक, तथा समिति के अन्य सदस्य हिस्सा लेंगे। आयोग बिजली के दामों अन्य उपभोक्ता संबंधित मामलों को लेकर भी विचार मंथन करेगा।राज्य सलाहकार समिति में अधिकतम 21 सदस्य होते हैं, जिनमें उद्योग, कृषि, उपभोक्ता संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न श्रेणियों के बिजली उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व शामिल होता है।

## वीबी-जीरामजी पर विपक्ष को देंगे करारा जवाब, जिलों में होंगे सम्मेलन : बड़ौली

चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि हरियाणा में आगामी दिनों में वीबी-जीरामजी पर सम्मेलन रखे गए हैं। जिला व मंडल स्तर पर सम्मेलन होंगे इस विषय में सभी सांसद और विधायक भी सम्मेलनों में सम्मिलत होंगे। बड़ौली ने शनिवार को दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में प्रेसवार्ता कर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की धरती ममता सरकार में भय, दबाव और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला बना दी गई है। टीएमसी नेताओं की धमकी के कारण बीएलओ अशोक दास को आत्महत्या जैसा दुर्भाग्यपूर्ण कदम उठाना पड़ा। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि अशोक दास की मौत ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि आज टीएमसी के कारनामों के कारण पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या और बांग्लादेशी को छोड़कर कोई भी सुरक्षित नहीं हैं।



## भर्तियों में नहीं होगी देरी, स्पेशल एजेंसी बनेगी, 20 विभागों का होगा पुनर्गठन

- रेशनेलाइजेशन कमीशन में की मुख्यमंत्री से सिफारिश

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश में शिक्षा, पुलिस सहित कई प्रमुख विभागों में भर्ती के लिए स्पेशल एजेंसी बनाने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रेशनेलाइजेशन कमीशन ने मुख्यमंत्री को सौंपी रिपोर्ट में प्रमुख विभागों की भर्तियों को लेकर हो रही लगातार देरी को देखते हुए एजेंसी बनाने की सिफारिश कर दी है। बताया जा रहा है कि सीएम को सौंपी रिपोर्ट में कमीशन ने तीन बड़े कारण बताए हैं। कमीशन ने सरकार से रिपोर्ट में आग्रह किया है कि सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों की बढ़ती भर्ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैधानिक निकायों हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन और हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की क्षमता में भी वृद्धि करनी चाहिए। इसके अलावा 20 विभागों के पुनर्गठन के लिए भी कमीशन ने कहा है।रेशनेलाइजेशन कमीशन ने साल की अपनी पहली रिपोर्ट में विशेष एजेंसी गठन पहली वजह भर्तियों में देरी को बताया है। कमीशन ने गौर किया है कि भर्ती प्रक्रिया में अक्सर देरी होती है और यह अक्सर मुकदमेबाजी में उलझी रहती है।

## हाईकोर्ट के फैसलों के बाद ठेका कर्मचारी लामबंद, पक्का करने के लिए प्रदर्शन कल

- कर्मचारी प्रदर्शन कर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे

चंडीगढ़। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस देने और हाई कोर्ट के आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग पर19 जनवरी को सभी जिला मुख्यालयों पर करेगा प्रदर्शन । उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। संघ की मांग उच्च न्यायालय के आदेशों को अक्षरशः लागू करते हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की पॉलिसी बनाये सरकार। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य प्रधान नरेश शास्त्री और महासचिव कृष्ण नैन ने बताया कि जिला मुख्यालय पर प्रदर्शनों की पूरी तैयारी कर ली गई है। शास्त्री और नैन ने भाजपा सरकार पर कच्चे कर्मचारियों का शोषण करने और पक्का करने की 12 वर्षों में नीति ने बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से कच्चे कर्मचारी न्याय के लिए तरस रहे थे हाई कोर्ट में पिछले लंबे समय से सैकड़ो याचिकाएं कर्मचारियों द्वारा पक्का करने की मांग को लेकर दायर की गई थी हाई कोर्ट ने अलग-अलग तिथियों 23 दिसंबर और 31 दिसंबर को 41 याचिकाओं पर अपना निर्णय सुनाया।

## आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े को रोकने की थी कवायद

# अस्पतालों के आईसीयू में सीसीटीवी पर यू टर्न, अब प्रवेश द्वार व अन्य जगह लगेंगे कैमरे

चिकित्सकों की नाराजगी व विरोध को देखते हुए सरकार ने वापस लिया फैसला

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के निजी अस्पतालों के आईसीयू में सीसीटीवी लगाए जाने के फैसले का निजी अस्पतालों और चिकित्सकों द्वारा विरोध को देखते अब फैसले पर यू-टर्न ले लिया है। पूरे मामले में प्राइवेसी भंग होने और अन्य दिक्कतों का हवाला देते हुए विरोध जताया था। इसलिए अब केवल प्रवेश द्वार और कुछ स्थानों पर ही शर्तों के साथ में कैमरे लगाने होंगे। आईसीयू में सीसीटीवी लगाए जाने के आदेशों में बदलाव करते हुए आला अफसरों ने आईसीयू को इससे बाहर रखा है। जानकारी अनुसार आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के साथ-साथ अन्य कईं दिक्कतों को देखते हुए आईसीयू में सीसीटीवी कैमरों की नजर में मरीजों का उपचार करने के निर्देश जारी किए थे। सरकार की अहम योजना आयुष्मान में हेराफेरी रोकने को लेकर यह कदम उठाने की तैयारी थी। योजना के तहत फर्जीवाड़ा कर बीमा दावे भुनाने वालों पर भी रोक लगाने की तैयारी थी।

### मरीजों की प्राइवेसी भंग होने का था खतरा

इस फैसले को लेकर शुरुआत से ही प्राइवेसी भंग होने सहित कईं तरह की दिक्कतों का हवाला देते हुए डॉक्टरों ने विरोध जताया और अस्पतालों के आईसीयू में सीसीटीवी लगाने के फैसले में बदलाव कर दिया गया है। नए आदेश के अनुसार, अस्पतालों में कैमरे केवल एंट्री-एग्जिट और गलियारों तक सीमित होंगे। ताकि आयुष्मान भारत के फर्जी क्लेम ब्रेक लग सके। विरोध को देखते हुए सरकार ने अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने संबंधी फैसले में बदलाव कर दिया है। यह बदलाव डॉक्टरों और अस्पतालों के विरोध को देखते हुए लिया गया है। सरकार लगातार आयुष्मान योजना में फेक इंश्योरेंस क्लेम की समस्या से निपटने की तैयारी में है। इस संबंध में बडी संख्या में शिकायतें प्रदेश स्तर पर भेजी जा रही हैं। इस क्रम में सरकार ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों को मॉनीटर करने के लिए आईसीयू तक में सीसीटीवी कैमरा लगाने के आदेश जारी कर दिए थे। सरकार ने इस फैसले में बदलाव करते हुए अस्पताल के गलियारों में सीसीटीवी लगाने तक सीमित कर दिया है।

### 1300 सरकारी और निजी अस्पतालों को दिए थे निर्देश



हरियाणा आयुष्मान भारत विंग की ओर से 1300 सरकारी और निजी अस्पतालों को एक निर्देश जारी करते हुए कहा गया था कि अस्पतालों को अपने इंटेंसिव केयर यूनिट में कैमरे लगाने होंगे। इतना ही नहीं मरीजों की लाइव फीड राज्य एजेंसी को उपलब्ध करानी होगी। आदेश में चेतावनी दी गई थी कि सीसीटीवी फीड नहीं मिलने के हालात में अस्पतालों के आयुष्मान भारत क्लेम रोक दिए जाएंगे और जुर्माना लगाया जाएगा। जिसके बाद में निजी ही नहीं बल्कि सरकारी अस्पतालों में भी विरोध जताया जाने लगा था। डॉक्टर और पीपी मोड पर उपचार देने वाले भी इस झंझट में नहीं फंसना चाहते क्योंकि इस तरह के कैमरों को लेकर मरीजों द्वारा भी आपत्ति उठाई जानी स्वभाविक थी।

### फर्जी बुकिंग संबंधी शिकायतों पर सरकार गंभीर

इस कड़े कदम का मुख्य उद्देश्य फॉल्स बुकिंग और इन्फ्लेटेड बुकिंग को रोकना था। गलत फर्जी बुकिंग संबंधी शिकायतों को देखते हुए इस पर रोक के लिए यह कदम उठाया जा रहा था। अस्पतालों के द्वारा बिना किसी मरीज के भर्ती हुए फर्जी बिल जमा करने की शिकायतें भी की जा रही थीं। मरीज का इलाज कम और रिकॉर्ड में ज्यादा दिखाने जैसे खेल चलने की शिकायतें की जा रही हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश भर में अब तक 3.56 लाख से अधिक फर्जी क्लेम पकड़े जा चुके हैं। इनकी कुल राशि 643 करोड़ है. हरियाणा के नोडल अधिकारियों ने भी इस तरह के मामले पकड़े हैं। इस तरह की बात भी सामने आई है कि मरीज अस्पताल में नहीं था, उसके बाद भी नाम पर क्लेम कर दिया गया।

## हरियाणा पुलिस का फर्जी एप और आपत्तिजनक कंटेंट पर एक्शन

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री के 1018 लिंक रिपोर्ट, 583 को किया ब्लॉक

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने सोशल मीडिया पर बढ़ती अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक स्तर पर डिजिटल अभियान शुरू किया है। यह अभियान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, राष्ट्र-विरोधी, धर्म-विरोधी और समाज में तनाव और भ्रम फैलाने वाली सामग्री लगातार पोस्ट की जा रही थी, जिसे रोकने के लिए सुनियोजित तरीके से कार्रवाई आवश्यक हो गई थी। इस उद्देश्य से साइबर हरियाणा टीम ने लगभग एक माह पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निरंतर निगरानी शुरू की, जो लगातार जारी है। रइस मुहिम के तहत अब तक कुल 1,018 लिंक और प्रोफाइल रिपोर्ट किए जा चुके हैं, जिनमें से 583 आपत्तिजनक सामग्री को सोशल मीडिया कंपनियों द्वारा हटाया या ब्लॉक किया जा चुका है। शेष 435 स्थिति समीक्षा के विभिन्न चरणों में हैं और जिन्हे जल्द ही टेक-डाउन किया जाएगा। यह आंकड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है कि पुलिस सोशल मीडिया पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए कितनी गंभीर और तत्पर है।

### 28 में से 14 फर्जी ट्रेडिंग और निवेश एप को हटाया



डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। देशभर में ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर चल रहे संदिग्ध ऐप्स और चैनलों की बढ़ती गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए साइबर हरियाणा ने 12 जनवरी 2026 से एक विशेष और संगठित अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत अब तक 28 ऐसे एप और चैनलों की पहचान की जा चुकी है जिनके संचालन पर संदेह था। इनमें से 14 को सफलतापूर्वक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से हटाया जा चुका है, जबकि शेष 14 पर सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज द्वारा अंतिम समीक्षा और टेक-डाउन की प्रक्रिया तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि यह पहल नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत कदम है और इससे ऑनलाइन ठगी की संभावनाएँ काफी हद तक कम होंगी।

## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़ में झगड़े में सिर में चाकू मारा

**बहादुरगढ़।** जाखोदा स्थित कंपनी में युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद में एक युवक के सिर पर चाकू से हमला किया गया। मूलतः यूपी के फर्रुखाबाद का अवनेश यहां जाखोदा में किराये पर रहता है और वहीं पर स्थित एक कंपनी में काम करता है। शनिवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कंपनी में साथ काम करने वाले कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। एक युवक ने सिर पर चाकू से हमला किया। हमला करने वाले युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो हथियार व चार कारतूस बरामद हुए। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीआईए इंचार्ज सुनील कुमार के अनुसार, सुमित कुमार की अगुवाई वाली टीम ने डाबोदा पावर ग्रिड के पास से विजय निवासी भदानी को काबू किया। वहीं, संदीप कुमार की अगुवाई वाली टीम ने सिटी थाना क्षेत्र से भदानी के ही राहुल को काबू किया।


### नारनौल रेलवे स्टेशन ट्रेन से उतकर भागा, पुलिस से घिरा देखकर बदमाश ने की फायरिंग

# एनकाउंटर में हिस्ट्रीशीटर के पांव में लगी गोली, साथी भी पकड़ा

**सीआईए इंचार्ज की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगने से बची जान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल में शनिवार सुबह पुलिस और हिस्ट्रीशीटर के बीच मुठभेड़ हो गई। हिस्ट्रीशीटर जब ट्रेन से उतरकर भागने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे रेलवे रोड पर घेर लिया। पुलिस को देख उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की, जिससे आरोपित शिवदयाल वासी नारनौल के पैर में गोली लगी और वह जख्मी हो गया। जबकि सीआईए इंचार्ज को लगी, लेकिन उन्होंने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी, जिससे उनकी जान बच गई। जबकि आरोपित बदमाश और उसका साथी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित शिवदयाल और उसके साथी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपित शिवदयाल को न्यायिक विरासत में भेज दिया है। वहीं दूसरे आरोपित को 3 दिन का रिमांड के आदेश दिए। नामी हिस्ट्रीशीटर शिवदयाल विभिन्न मुकदमों में वांछित है।



नारनौल। अस्पताल में उपचराधीन फायरिंग का आरोपित शिवदयाल।

### पहले एक फायरिंग की घटना में मुख्य आरोपी

बता दें कि कुछ दिन पूर्व मोहलला सलामपुरा में फायरिंग की घटना का मुख्य आरोपित शिवदयाल और उसके साथियों ने अंजाम दिया था। बता दें कि कुछ दिन पूर्व मोहलला सलामपुरा में फायरिंग की घटना का मुख्य आरोपित शिवदयाल और उसके साथियों ने अंजाम दिया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह पुणे से ट्रेन द्वारा नारनौल आ रहा है। सीआईए की टीम ने स्टेशन क्षेत्र में पहले से ही मोर्चा संभाल लिया था। आरोपित शिवदयाल और उसका साथी करणजीत सिंह वासी रामनगर कॉलोनी रेलवे स्टेशन से पहले ही ट्रेन से उतरने के बाद भागने का प्रयास करने लगे। वहां मौजूद पुलिस टीम ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की ओर से आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर शिवदयाल के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस जवानों ने साहस और तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपितों को मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के पास से दो अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मौके से खाली खोल भी बरामद किए हैं।

### टोहाना में सीआईए की कस्टड़ी से भागा चोरी का आरोपी, वकील के घर घुसकर महिला को बंधक बनाने का किया प्रयास

टोहाना। शहर टोहाना में शनिवार दोपहर चोरी का आरोपी युवक सीआईए की कस्टड़ी से भागकर वकील के घर में जा घुसा। युवक ने यहां महिला को डराते धमकाते हुए उसे बंधक बनाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए वहीं पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को काबू कर लिया। मोबाइल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने रवि निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती टोहाना को गिरफ्तार किया था। सीआईए युवक को पूछताछ के लिए अपने साथ दमकौरा रोड स्थित सीआईए कार्यालय में ले गई थी। शनिवार दोपहर को युवक सीआईए पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। भागते हुए वह शक्ति नगर इलाके में रहने वाले वकील सतपाल सिंगला के घर में घुस गया। घर में घुसते ही आरोपी ने वकील की पत्नी का मुंह बंद करने की कोशिश की ताकि वह शोर न मचा सके। इसके बाद उसने खुद को बचाने के लिए घर के शौचालय में छिपा लिया। पुलिस ने आरोपी को समझा-बुझाकर शौचालय से बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। हिरासत में दोबारा लिए जाने के बाद आरोपी रवि ने मीडिया के सामने स्वीकार किया कि उसने दो मोबाइल फोन चोरी किए थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


■ -घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर

## हरीश रावत ने जिलाध्यक्षों को अनुशासन और धरातल की राजनीति के गुर सिखाए


कुरुक्षेत्र। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्ष।

**कुरुक्षेत्र।** संगठन सर्जन के अंतर्गत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन शनिवार को उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने जिलाध्यक्षों के साथ संवाद किया। सेशन की शुरूआत ध्वजरोहण के साथ हुई। ध्वज रक्षक की भूमिका में उत्तराखंड से बागेश्वर अर्जुन भट्ट एवं मुख्य अतिथि हरियाणा के गुरुग्राम शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डाबर रहे। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने हरियाणा और उत्तराखंड के कांग्रेस जिलाध्यक्षों को पार्टी संगठन, अनुशासन और धरातल की राजनीति के गुर सिखाए।

### जिलाध्यक्ष संगठन की सबसे अहम कड़ी

हरीश रावत ने संगठन की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष पार्टी संगठन की सबसे कड़ी होते हैं, उन्हें पार्टी की विचारधारा के साथ लक्ष्य की भी गहरी समझ होनी चाहिए। शिविर में संगठन को मजबूती देने बारे, स्थानीय मुद्दों को जोर-शोर से उठाने बारे सहित धरातल पर सक्रिय रहने की मंत्रणा की गई। शिविर से स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं को दूर रखा गया। कुरुक्षेत्र की पंजाबी धर्मशाला में 13 से लेकर 22 जनवरी तक हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिएप्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है।

# सोनीपतः कार में लिफ्ट देकर सामूहिक दुष्कर्म

■ पीड़िता ने गांव के ही तीन युवकों पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। युवती गांव जाने के लिए सोनीपत शहर में आईटीआई चौक पर सवारी का इंतजार कर रही थी तो गांव के ही तीन युवकों ने उसे कार में लिफ्ट दी। गांव खेवड़ा के पास युवती को जबरन शराब पिलाई गई और बाद में सुनसान स्थान पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव की 18 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया है कि 16 जनवरी को वह सोनीपत के आईटीआई चौक पर गांव जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान गांव के तीन युवक सुमित, नीरज व मोहित कार में वहां पहुंचे और लिफ्ट देने की बात कही। परिचित होने के कारण युवती कार में बैठ गई। आरोप है बहालगढ़ से खेवड़ा की ओर जाते समय आरोपियों ने रास्ते में शराब खरीदी। उन्होंने खुद शराब पी और खेवड़ा के पास सुनसान स्थान पर कार ले जाने के बाद युवती को भी जबरन शराब पिलाई। युवती के साथ तीनों युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपी गांव के पास छोड़कर भाग गए।

### एक गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

युवती ने जबरन शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, दो अन्य की तलाश जारी है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और कोर्ट में बयान दर्ज कराए गए हैं।

*-निधि नैन, एसीपी बहालगढ़*

## अंबाला पुलिस ने सेंधमारी गिरोह पकड़ा 8 किलो चांदी व अवैध हथियार बरामद

**अंबाला।** सराफा बाजार अंबाला छावनी में स्वर्णकार की दुकान में सेंध लगाकर चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को अंबाला छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 8 किलोग्राम चांदी, एक अवैध देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया है। थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सह उप निरीक्षक प्रवेश कुमार, सह उप निरीक्षक हरिओम व पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 16 जनवरी 2026 को आरोपियों को काबू किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सराफा बाजार स्थित लक्ष्मण दास ज्वैलर्स के संचालक प्रो. मोहित वर्मा ने 18 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी दुकान से अज्ञात आरोपियों द्वारा सोना-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने एक माह तक सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन किया और विभिन्न राज्यों में सक्रिय चोरी गिरोहों की जानकारी जुटाई।

### इनको पकड़ा

आरोपियों की पहचान मदन उर्फ भद्दा सिंह, बाबू, सोन चिड़िया, फोसल्ली निवासी गांव इसापुर तहसील तिलेहर थाना नगोई जिला शाहजहांपुर (उप्र) हाल निवासी झुग्गी झोपड़ी फेस-11 मोहाली (पंजाब) व विरजू निवासी गांव मिलखिया तहसील तिलेहर थाना नगोई जिला शाहजहांपुर (उप्र) हाल निवासी झुग्गी झोपड़ी सब्जी मंडी करनाल के रूप में हुई है।

# पत्नी की हत्या के जुर्म में पति को उम्रकैद

■ कैथल के गांव भूना की मोनी की शादी वर्ष 2018 में हुई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने पत्नी की निर्मम हत्या के जुर्म में दोषी पति को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को 50 हजार जुर्माना भी लगाया है।

गांव भूना कैथल निवासी रोशनलाल ने 29 दिसंबर 2022 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी मोनी की शादी वर्ष 2018 में गांव सिवानामाल निवासी राकेश के साथ हुई थी। मोनी का गौना वर्ष 2021 में किया गया था। सुसरालीजन मोनी से मारपीट करते थे। जिसके चलते कुछ समय से मोनी मायके आई हुई थी। बाद में मोनी को उसका पति राकेश तथा सास कमलेश मायके से लेकर आए थे। उन्हें मोनी की मौत के बारे में सूचना पर वो मौके पर पहुंचे थे। मृतका के गले पर कट के निशान थे और गले को भी दबाया गया था।

### दोषी को 50 हजार जुर्माना भी लगाया

मृतका के पिता रोशनलाल ने आरोप लगाया था कि मोनी के पति राकेश ने योजनाबद्ध तरीके से उसकी बेटी की हत्या की है। सदर थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति राकेश पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने दोषी राकेश को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा 50 हजार जुर्माना भी लगाया।



**खबर संक्षेप**

## आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का स्कूल अटैच

**भोपाल।** राजधानी के मेंडोरी इलाके में दिसंबर 2024 में 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए नकद उगलने वाली इनोवा कार मामले में आयकर विभाग की कार्रवाई आगे बढ़ रही है। इस प्रकरण में आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से जुड़ी एक और बड़ी संपत्ति पर शिकंजा कसते हुए आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई ने शाहपुरा स्थित एक स्कूल भवन को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। आयकर विभाग के अनुसार शाहपुरा भोपाल में करीब 7.5 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह स्कूल भवन राजमाता (भारतमाता) शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति भोपाल के नाम पर पंजीकृत है। इस ट्रस्ट में सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, उनके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल ट्रस्टी के रूप में दर्ज हैं। जांच में सामने आया है कि ट्रस्ट केवल बेनामीदार की भूमिका में था, जबकि संपत्ति का वास्तविक स्वामी सौरभ शर्मा है।

## ट्रेनी कॉन्स्टेबल को डंपर ने कुचला, मौके पर मौत

**बड़वाह।** इंदौर से ओंकारेश्वर जा रहे भाई-बहन की बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।



हादसे में पीछे बैठी बहन के सिर के ऊपर से डंपर का पहिया गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा भाई बाल-बाल बच गया। हादसा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बड़वाह के पास हुआ। मृतका की पहचान ऋचा राजोरिया (24) के रूप में हुई है।
वह इंदौर में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में कॉन्स्टेबल की ट्रेनिंग ले रही थी। बाइक चला रहा उसका भाई आशु राजोरिया इंदौर सेंट्रल जेल में पदस्थ डिप्टी जेलर है। दोनों मूल रूप से ग्वालियर के निवासी बताए जा रहे हैं।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि अगर भारत में कुछ भी होता है, तो इसके बारे में हिंदुओं से पूछा जाएगा

## शक्ति में केवल सशस्त्र बल ही नहीं, बल्कि बुद्धि, सिद्धांत और नैतिक मूल्य भी शामिल

भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र

एजेंसी ▶▶ संभाजी नगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा घटित हो, तो हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा, क्योंकि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है।

डॉ. भागवत ने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता



डॉ. मोहन भागवत

को अपनाता है। इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता। उन्होंने यह बातें मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कहीं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही है। ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है। उन्होंने कहा कि अगर लोग अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का प्रयास करें तो

### हमें हिंदू मित्र बनाने चाहिए

डॉ. भागवत ने आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्थानीय वस्तुएं खरीदनी चाहिए। जो चीज यहां नहीं बन सकती, उसे अन्य देशों से खरीदा जा सकता है। भारतीय नीति निर्माता अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर रहे हैं, लेकिन किसी के दबाव में नहीं। हमने आत्मनिर्भरता का मार्ग चुना है और हमें इसी मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विदेशों में रोजगार सृजन की चिंता नहीं करनी चाहिए, यह उन्हें करना है। जब वैश्वीकरण की बात करते हैं, तो वे वैश्विक बाजार की अपेक्षा रखते हैं। हम वैश्विक परिवार की अपेक्षा रखते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि हमें जाति, संप्रदाय, भाषा या व्यवसाय की परवाह किए बिना हिंदू मित्र बनाने चाहिए।

मार्केट न्यूज

## पेट सफा के साथ कब्ज, गैस और एसिडिटी को हराओ, राहु केतु की तरह बनो बिंदास

### आयुर्वेदिक पेट सफा का हुआ फिल्म राहु केतु के साथ करार




**चंडीगढ़।** दिग्गज लेखक निर्देशक विपुल विज द्वारा निर्देशित फिल्म राहु केतु एक हिंदी कॉमेडी फिल्म है। जो जी स्टूडियोज और बॉलाइव प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित की गई है। फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, शालिनी पांडे और चंकी पांडे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राहु केतु दर्शकों को भरपूर हंसी और मनोरंजन का अनुभव देने वाली फिल्म है। एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डॉ. संजीव जुनेजा ने फिल्म राहु केतु को सफलता के लिए पूरी टीम को शुभ- कामनाएं दी हैं। वहीं फिल्म की शूटिंग के दौरान कलाकारों ने कहा कि जीवन में उत्सव और खुशी तभी पूरी तरह महसूस होती है जब शरीर स्वस्थ और मन हल्का हो। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए दिविसा हर्बल्स प्रा. लि. के प्रवक्ता ने बताया कि फिल्म राहु केतु की सकारात्मक ऊर्जा और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता को देखते हुए, उन्होंने अपने सर्वोत्तम प्रोडक्ट पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स को फिल्म को प्रमोशन के लिए चयनित किया है। आयुर्वेदिक पेट सफा पेट संबंधी बीमारियां जैसे कब्ज, गैस, एसिडिटी को दूर कर आपको देता है हर पल को खुशी से जीने का अहसास। पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स बहुमूल्य 16 जड़ी-बूटियां जैसे सोनामुखी, काला नमक, अजवायन, हरितकी, निशोथ, सर्जिक्षार, सेंधा नमक, सौंफ एवं आंवला आदि के मिश्रण से तैयार आयुर्वेदिक औषधि है। यह पहली रात से असर दिखाता है और इसकी आदत भी नहीं पड़ती। यह पूर्णतः आयुर्वेदिक है।

45 दिन बाद राजकोट कोर्ट का फैसला

## बच्ची से रेपःआलीराजपुर के युवक को 'फांसी' की सजा

प्राइवेट पार्ट में डाली थी 5 इंच की रॉड

4 दिनों में चार्जशीट दाखिल की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आलीराजपुर

7 साल की बच्ची से रेप के मामले में गुजरात की राजकोट कोर्ट ने आलीराजपुर (मप्र) के युवक को फांसी की सजा सुनाई है। रेप के बाद युवक ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में 5 इंच लंबी रॉड डाल दी थी।

वारदात बीते साल 4 दिसंबर को हुई। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया और 4 दिनों में 8 दिसंबर को आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। 12 जनवरी 2026 को अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को



राम सिंह (आरोपी)

दोषी करार दिया। शनिवार को राजकोट की विशेष अदालत के न्यायाधीश वीए राणा साहब ने आरोपी राम सिंह तेर सिंह दुडवा (उम्र 30) के खिलाफ 45 दिन बाद अंतिम फैसला देते हुए मौत की सजा सुनाई। 4 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे राजकोट जिले के अटकोट के पास कानपार गांव में पीड़िता अपने भाई-बहनों के साथ खेल रही थी।

आरोपी रामसिंह तेरसिंह मोटरसाइकिल पर आया और पीड़िता को उठाकर एक पेड़ के पास ले गया। बच्ची के साथ बलात्कार किया।

परिजनः एक छेड़छाड़ से परेशान थीं

## बरेला में दो छात्राएं फांसी के फंदे पर लटकी मिलीं



सड़क पर धरना देती हुईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बरेला क्षेत्र में रहने वाली दो नाबालिग छात्राएं घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिलीं। दोनों ही छात्राएं एक ही स्कूल में पढ़ती थीं।

एक छात्रा के परिजन का आरोप है कि उनकी बेटी ने एक युवक की छेड़छाड़ से परेशान होकर यह कदम उठाया है। तो दूसरी ने पिता की डांट से नाराज होकर ऐसा किया। छात्रा के परिजनों ने नाराज होकर बरेला थाने का घेराव कर दिया। छात्रा के परिजनों का कहना है कि दूसरे गांव का एक युवक उसे लगातार परेशान कर रहा था, जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली।

### परेशान करता था

15 वर्षीय छात्रा को गाड़रखेड़ा गांव में रहने वाला प्रिंस ठाकुर दो माह से परेशान कर रहा था। छात्रा ने प्रिंस की शिकायत अपने पिता से की तो उन्होंने गाड़रखेड़ा जाकर आरोपी के पिता से शिकायत की, जिस पर आश्वासन दिया गया कि दोबारा यह गलती नहीं होगी।

## युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने सातवीं बार जीत हासिल की

**कंपाला (युगांडा)।** युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने 71.65 प्रतिशत वोट हासिल करके सातवीं बार जीत हासिल की है। यह जानकारी शनिवार को जारी आधिकारिक परिणामों से मिली। उन्होंने उस युवा प्रतिद्वंद्वी को हराया जो चार दशकों से एक ही सरकार के शासन के बाद बदलाव के लिए चुनाव प्रचार कर रहा था। अंतिम परिणाम जारी होने पर पता चला कि संगीतकार से नेता बने बोबी वाइन के नाम से मशहूर शख्स को 24.72 प्रतिशत वोट मिले। वाइन का असली नाम क्यागुलानी सेंतामु है। वह आधिकारिक नतीजों को खारिज कर देंगे। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को अन्यायपूर्ण बताते हुए उसकी निंदा की है, जिसमें इंटरनेट बंद होना, सैन्य तैनाती और उनके मतदान एजेंटों के कथित अपहरण जैसी घटनाएं शामिल हैं।

## 'फर्जी मतदाता' मामले में प्राथमिकी आदेश वापस लें

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग (ईसी) से 'फर्जी मतदाता' मामले में दो ईआरओ और इतने ही एईआरओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश को वापस लेने का अनुरोध किया है। सरकार ने दलील दी कि आपराधिक कार्रवाई "मामूली चूक के लिए बड़ी सजा" के समान होगी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के माध्यम से दिया गया है, लेकिन राज्य के गृह विभाग ने सीईओ के कार्यालय को पत्र लिखकर इसे रद्द करने का अनुरोध किया है।

## गणतंत्र दिवस से पहले अलर्ट पर दिल्ली-यूपी, सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी से पहले खुफिया एजेंसियों ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। इनपुट के मुताबिक, खालिस्तानी आतंकी संगठन और बांग्लादेश-आधारित आतंकी नेटवर्क दिल्ली, यूपी समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की साजिश रच सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अलर्ट में पंजाब आधारित गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता जताई गई है। बताया गया है कि ये गैंगस्टर विदेश में बैठे खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलर्स के लिए फुट सोल्जर की तरह काम कर रहे हैं।

### मॉक ड्रिल किया आयोजित

गणतंत्र दिवस परेड से पहले दिल्ली पुलिस की नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट टीम ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में कई मॉक ड्रिल आयोजित की हैं ताकि सुरक्षा एजेंसियों की तैयारी और प्रतिक्रिया समय की जांच की जा सके। वहीं इससे पहले उत्तर दिल्ली के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर चार मॉक ड्रिल की गईं। इनमें महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, ऐतिहासिक स्थल, प्रमुख बाजार और ट्रांसपोर्ट हब शामिल हैं, जहां रोज बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं।

## एबीवीपी की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक गोवा में शुरू

**पणजी (भाषा)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेताओं ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भरता युवा दिमाग को प्रभावित कर रही है और उन्होंने खेल, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियों की ओर युवा ऊर्जा को मोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। एबीवीपी के अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी और अन्य नेताओं ने दक्षिण गोवा के जंबोलिम गांव में श्री दामोदर संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देशभर से 106 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एबीवीपी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि संगठन ने छात्रों में डिजिटल लत को दूर करने और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम' अभियान शुरू किया है। बैठक में शिक्षा, समाज, संगठन, पर्यावरण, संस्कृति, खेल और सेवा से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अजय, पुत्रः** जगदीश, **पताः** वीपीओ- सिद्धिपुर, जिला-झज्जर **हरियाणा एवं** पताः वीपीओ खैरा, नजफगढ़ दिल्ली **FIR No: 494/2023, U/S: 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः द्वारका नार्थ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अजय, FIR No: 494/2023, U/S: 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः द्वारका नार्थ, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राहुल कटारे
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-06
(द.प.) जिला द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/738/DW/2026
(Court Matter)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel.No.07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक / 951 / लो.नि.वि./ न.पा.प. / 2026 बलौदाबाजार, दिनांक 16/01/2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
main portal – http://cgeprocurment.gov.in
Sub portal-http://uadd.cgeprocurement.gov.in
Email-cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ. डी. आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क (डी.डी.) | समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 183557 | निकाय में अकुशल / अर्द्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल प्लेसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमाण्डों श्रमिकों की आपूर्ति कार्य (तृतीय निविदा)। | 106.66 | 80000.00 | 3000.00 | 12 माह | 27.01.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In The Court of Sh. Jitesh Kumar Sharma, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Ved Prakash Yadav son of Partap Singh alias Chandro alias Kavita Devi
Vs.
Tehsilcar Office of Tehsildar
CNR No. HRJR02-001615-2025
Next Date:- 23-02-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public : India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that cefendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 23-02-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtehd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar *
Sd/- Jitesh Kumar Sharma, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Dated, this day of 16-01-2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In The Court of Sh. Mohommad Sageer, Additional Civil Judge (Senior Division), Rohtak
Rakesh Kumar son of Late Sh. Mahender Singh
Vs.
General Public
CNR No. HRRH02-002023-2025
Next Date : 09.04.2026
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public :- India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 09.04.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak*
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Rohtak
Dated this day of 09.01.2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In The Court of Sh. Vineet Kumar, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Parveen son of Rajender Singh and widow of Jaswant Singh
Vs.
Savitri Devi widow of Sant Parkash son of Chandram
CNR No. HRJR02-000645-2025
Next Date : 25.02.2026
PUBLICATION ISSUED TO :
4A General Public :- India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 25.02.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Sh. Vineet Kumar, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Dated this day of 03.01.2026


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Vivek Tomar, City Civil Court, BAHADURGARH
Canara Bank thorugh vishal bharadwaj
Vs
Prahlad Mitran
CNR No. HRJRA0-000071-2022
Next Date:- 04-04-2026
The plaintiff prays for recovery of amount of Rs. 1435072.50 from defendant
PUBLICATION ISSUED TO:
Prahlad Mitran
Father:-KKS MITRAN
Sole Prop. M/S Livestock R/o Khewat no. 432/332, VPO Kanonda, Teh BAHADURGARH also at HOUSE no. 1435, Sec 6, BAHADURGARH
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 04-04-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- City Civil Court BAHADURGARH
Dated, this day of 16-01-2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Canara Bank (previously known as Syndicate Bank)
Vs.
Gautam Kumar Paswan
CNR No. HRSO02-001945-2021
Next Date : 10.02.2026
CS/1496-2021
A) A decree for the recovery of Rs.89951.33/- may kindly be passed in favour of the plaintiff bank and against the defendants. B) Cost of the suit be also granted to the plaintiff bank and against the defendants. C) Pendent elite and future interest at the rate 09.65 percent p.a. with monthly rests and 2 percent panel interest p.a. as per the instructions of RBI be also granted to the plaintiff bank from the date of filing of the suit till the date of realization of decreetal amount. Any other relief which this Honble Court may deem fit and proper also be granted to the plaintiff bank and against the defendants.
PUBLICATION ISSUED TO :-
Gautam Kumar Paswan
Son:- Ashok Kumar
H.No. 15, Rajiv Gandhi Colony, Sonipat
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **10.02.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 09.01.2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Canara Bank, through its Manager Sh. Harish Mohan Aggarwal
Vs.
M/s JMN Earthing and Electricals, through its Prop. Parveen Kumar S/o Shyam nandan parshad
CNR No. HRSO02-001737-2020
Next Date : 18.03.2026
CS/1421-2020
Pendentelite and future Interst as per plaint also granted to the plaintiff bank from the date of filling of the suit till the date of realization of the decreetal amout
PUBLICATION ISSUED TO :-
M/s JMN Earthing and Electricals, through its Prop. Parveen Kumar S/o Shyam nandan parshad
:-
Main Jatheri road, Biswa mile. Sonipat & amp;#039;& amp;#039; also at Flat no. W-6, 204, Kingshurry, TDI City, Kundli, Sonipat
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.03.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 09.01.2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Mansi Gaur
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
RAN SINGH
Vs.
RANBIR
CNR No. HRSOA0-000179-2025
CASE No. CS/147/2025
Next Date : 15.04.2026
It is prayed that a decree for declaration to the effect that sale deed Ho. 414 dated 02.06.1988 and its consequent mutation Nc.3324 ie. to the extent of the share of plaitiff ie 1/7 share and General Power of Attorney No.16 dated 31.05.1988 are quit wrong, illegal, null and void, ab-initio and liable to be set aside and cancelled by declaring the plaintiff as co-owner in possession of the suit property to the extent of his share on the basis of jamabandi for the year 1983-1984 mentioned in para No.1 of the plaint, may be passed in favour of the plaintiff and against the defendants, in the interest of justice. It is further prayed that a decree for mandatory injunction by directing the defendant No. 11 to 13 to correct the revenue record of the suit property as detailed in para no.1 of the plaint in favour of the plaintiff to extent jamabandi for the year 1983-1984 may be passed in favour of the plaintiff and against the defendants No. 1 to 10 & 14, in the interest of justice It is further prayed that a decree for permanent injunction by restraining the defendant No 7 to 10 & 14 from alienating and creating third party interest over the suit property as detailed in para no. 1 of the plaint, may kindly be passed in favour of the plaintiff and against the defendants, in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO DEFENDANTS NO. :- **3. (vi) Meena D/o Shiv Charan S/o Pirthi Singh now wife of Suraj Bhan R/o village Khera Khemawati, Tehsil Safidon, Distt. Jind 3. (vii) Santra @ Guddi D/o Shiv Charan S/o Pirthi now wife of Mahabir R/o village Ujha, Tehsil & Distt. Panipat 4. (ii) Nishu D/o Mam Chand S/o Pirthi Singh now wife of Amit R/o Sector-17, Panipat 4. (iii) Seema D/o Mam Chand S/o Pirthi Singh now wife of Sanjay R/o Gali No.5, Mangal Colony, Karnal 4. (iv) Manju D/o Mam Chand S/o Pirthi Singh now wife of Devender R/o Gali No.3, Vikas Nagar, Sonepat 5. (ii)-(a) Smt. Raj widow of Ravinder (Ravinder son of deceased Kesar D/o Pirthi Singh now wife of Santram) R/o Azad Nagar, Panipat 5. (ii)-(b) Aditya son of Ravinder (Ravinder son of deceased Kesar D/o Pirthi Singh now wife of Santram) R/o Azad Nagar, Panipat 5. (ii) - (c) Tannu daughter of Ravinder (Ravinder son of deceased Kesar D/o Pirthi Singh now wife of Santram) R/o Azad Nagar, Panipat 5. (iv) Sushil (daughter of deceased Kesar D/o Pirthi Singh now wife of Santram R/o Azad Nagar, Panipat), at present/now wife of Surender R/o Bastada, Tehsil & Distt. Panipat 5. (v) Parveen (daughter of deceased Kesar D/o Pirthi Singh now wife of Santram R/o Azad Nagar, Panipat), at present/now wife of Ashok R/o Sector-14, Sonepat 6. (v) Pinki (daughter of deceased Kasturi D/o Pirthi Singh and wife of Dharampal R/o village Kabri, Tehsil & Distt. Panipat), at present/now wife Balkar Singh R/o village Sikri, Tehsil Nilo Kheri, Distt. Karnal 7. (iv) Poonam daughter of deceased Ram Ratan son of Lakhmi Chand, now wife of Krishan R/o near Sapera Basti, Murthal.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.04.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 16.01.2026

## शब्द पहेली - 6112




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 6111 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष उग्रवादी समेत चार नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष उग्रवादी दिलीप बेदजा समेत चार नक्सलियों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) जितेंद्र यादव ने बताया कि जिले के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के जंगलों में तड़के मुठभेड़ शुरू हो गई, जहां सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर नक्सल-विरोधी अभियान पर निकली थी। यादव के मुताबिक, छत्तीसगढ़ पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) इकाइयों के जवान तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) के जवान इस अभियान में शामिल थे। यह अभियान मंडलीय समिति के सदस्य बेदजा की क्षेत्र में मौजूदगी के बारे में मिली सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। यादव ने कहा, तलाशी के दौरान दोपहर तक मुठभेड़ स्थल से दो माओवादियों के शव बरामद किए गए।



**नक्सल नेटवर्क को बड़ा झटका**

डीवीसीएम दिलीप बेड़जा को नक्सली संगठन का सक्रिय और प्रभावशाली नेता माना जाता था। उसके मारे जाने से बीजापुर और आसपास के इलाकों में सक्रिय नक्सली नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। सुरक्षा एजेंसियां इस सफलता को नक्सल विरोधी अभियान में अहम मान रही हैं।

# यूपी में कोहरे का कहर, 15 जिलों में 40 गाड़ियां भिड़ीं, 100 ट्रेनें हुईं लेट

- डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई। 50 से ज्यादा घायल हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली।

यूपी में शनिवार को सीजन का सबसे घना कोहरा पड़ा। हालत इतने खराब हो गए कि सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। गाड़ियों की लाइटें भी नजर नहीं आ रही थीं। मेरठ, बाराबंकी समेत 15 जिलों में 40 से ज्यादा गाड़ियां टकराईं। डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई। 50 से ज्यादा घायल हैं। फतेहपुर में एनएच-2 पर 10 गाड़ियां टकराईं। यहां कार ड्राइवर की मौत हो गई। मुरादाबाद में ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिसमें जीजा की जान चली गई। ऐसे ही सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे 3 की मौत हो गई। वहीं, मेरठ में कोहरे की वजह से कार नाले में गिर गई। हादसे में डेढ़ साल की बच्ची की जान चली गई। विजिबिलिटी कम होने से रेलवे और हवाई सफर भी प्रभावित रहा। गोरखपुर, वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 100 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। वीआईपी ट्रेनें भी समय पर नहीं हैं। लखनऊ एयरपोर्ट्स पर इंडिगो की 2 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इसके अलावा 14 उड़ानें देरी से उड़ीं।



## खबर संक्षेप

### पीएम ने एमजीआर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन



(एमजीआर) की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को भी याद किया है.पीएम मोदी ने एमजीआर के जीवन पर आधारित वीडियो पोस्ट कर तमिलनाडु की प्रगति में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

### भारती को झटका लगा भाजपा विधायक की जीत

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर सीट पर फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के



सतीश उपाध्याय ने आप के सोमनाथ भारती को हराया था। उपाध्याय ने 39,564 मत हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि भारती निकटतम प्रतिद्वंद्वी थे। भारती ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। 'भ्रष्ट आचरण' का आरोप लगाया था।

### टाइम पर डिलीवर नहीं तो लगा 40 हजार जुर्माना

**अल्मोड़ा।** जिला उपभोक्ता आयोग ने ऑनलाइन खरीद के एक मामले में अहम फैसला सुनाया है।



आयोग ने मीशो और रविंद्र इंडस्ट्रीज को 313रुपए के जूते समय पर डिलीवर न करने और नोटिसों की अनदेखी करने के लिए अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी पाया। कंपनी को अर्थदंड समेत कुल मिलाकर लगभग 40,000 का जुर्माना लगाया।

### चर्चित कथावाचक श्रवण दास गिरफ्तार

**दरभंगा।** धर्म और आस्था की आड़ में महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने का एक



सनसनीखेज मामला सामने आया है। चर्चित कथावाचक श्रवण दास जी महाराज को महिला थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महाराज पर महिला के साथ शादी का झांसा देकर एक साल तक यौन शोषण करने और फिर जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगा है।

### फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकराई, 5 की मौत

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में गुरथरी गांव के पास एक फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे भीषण हादसा हुआ। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है। सभी गुजरात के रहने वाले थे और घूमने आए थे। सुबह के कोहरे को हादसे की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने शवों को बठिंडा सरकारी अस्पताल में भेजा है।



## मालदा की रैली में तृणमूल कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

# यहां घुसपैठिए लोगों का हक छीन रहे निर्दयी-भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें

**भाजपा सरकार बनते ही होगी 'बाहरियों' पर कार्रवाई**

### ममता सरकार केंद्र की योजनाओं से लोगों को कर रही वंचित



एजेंसी ▶▶| मालदा

पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से बंगाल में ऐसा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए टीएमसी सरकार पर बड़ा हमला बोला। रैली में उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का हक घुसपैठिए छीन रहे हैं। भाजपा सरकार बनते ही सभी घुसपैठिओं पर कार्रवाई करेंगे और बंगाल के लोगों का हक और उनके अधिकार सुरक्षित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार बेहद असंवेदनशील और निर्दयी रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है, उसे टीएमसी के नेता लूट लेते हैं। पीएम मोदी ने साफ कहा कि गरीबों के हक का पैसा गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है।

- केंद्र का पैसा टीएमसी के नेता लूट रहे

### लोगों का विकास और सुशासन की राजनीति में विश्वास

पीएम मोदी ने कहा कि जिन इलाकों में वर्षों तक भाजपा के खिलाफ झूठ फैलाया गया और अफवाहें उड़ाई गईं, वहां भी अब मतदाता भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने पूरे भरोसे के साथ कहा कि इस बार बंगाल की जनता भाजपा को विजयी बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश का माहौल बदल चुका है और लोग विकास और सुशासन की राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।



मालदा जिले में सभा में प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया।

### भाजपा विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है और इसके लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दशकों तक पूर्वी भारत को नफरत की राजनीति ने जकड़ कर रखा, जिससे विकास रुक गया। पीएम ने दावा किया कि भाजपा ने पूर्वी राज्यों को इस राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला है।

### हक छीनने वाली सरकार हटाएं

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल देश का इकलौता राज्य है, जहां आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार जान-बूझकर बंगाल के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं लेने दे रही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देश के लाखों परिवारों का बिजली बिल जीरो हो गया है, लेकिन बंगाल में यह योजना बंद है। पीएम ने जनता से अपील की ऐसी निर्दयी सरकार को विदा करें।

### टीएम सरकार भ्रष्टाचार में डूबी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बंगाल के हर बेघर के पास अपना पक्का घर हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। यहां की टीएमसी सरकार बहुत ही निर्दयी है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है उसे यहां टीएमसी के लोग लूट लेते हैं। टीएमसी के लोग बंगाल के गरीबों के दुश्मन हैं, उन्हें आपकी तकलीफों की चिंता नहीं है, वे अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। ऐसी निर्मम सरकार को बंगाल से उखाड़ फेंकिए।

### बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने बताया कि इन परियोजनाओं से न केवल लोगों की यात्राएं आसान होंगी, बल्कि व्यापार और कारोबार को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

### बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिलता उनका हक

पीएम मोदी ने मालदा की बाढ़ राहत से जुड़ी कैग रिपोर्ट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया, जबकि जो इसके हकदार थे उन्हें कुछ नहीं मिला। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनते ही टीएमसी के ऐसे सभी काले कारनामों पर रोक लगेगी।

### 'अब बंगाल की बारी है'

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में बिहार में भाजपा -एनडीए की सरकार बनी है, जिससे बंगाल की हर दिशा में सुशासन वाली सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि 'अब बंगाल की बारी है'।

## मुर्शिदाबाद में एक बार फिर तनाव भड़का

# प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा में एनएच-12 व रेलवे ट्रैक को बाधित किया, 30 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को फिर तनाव भड़क उठा, प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 और रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। यह विरोध एक दिन पहले हुई हिंसक घटनाओं के बाद हुआ है। कई हिस्सों में सड़क और रेल संपर्क घंटों ठप रहा। बरुआ मोड़ पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए और हाइवेपर बैठ गए। पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### एक और प्रवासी मजदूर के साथ मारपीट का आरोप

शनिवार को तनाव की वजह यह आरोप बना कि इलाके के एक और प्रवासी मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई है। इससे लोगों का गुस्सा फिर भड़क उठा। पुलिस ने बल तैनात किया। विधायक हुमायूं कबीर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व अधिकारियों से बात कर स्थिति को संभालने की कोशिश की थी।

**कबाड़ी की मौत बनी वजह**

शुक्रवार से बेलडांगा में हालात तनावपूर्ण हैं। 36 वर्षीय प्रवासी मजदूर अलाउद्दीन शेख का शव झारखंड में उसके किराए के कमरे से बरामद हुआ था, जहां वह कबाड़ का काम करता था। परिजनों का आरोप है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई और बाद में आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को लटका दिया गया।

### दो प्रशिक्षु एथलीट की मौत के बाद अभिभावकों ने जांच की मांग की

कोझिकोड (केरल)। कोल्लम के एसएआई छात्रावास में मृत मिली एक प्रशिक्षु खिलाड़ी के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी खेल केंद्र में रहने के दौरान सुविधाओं से तंग आ चुकी थी। कोझिकोड जिले के चालियम निवासी सैंड्रा ए (18) और तिरुवनंतपुरम जिले के मुथक्कल की वैश्नवी वी (15) अपने छात्रावास के कमरे में 15 जनवरी को फांसी पर लटकी मिली थीं। मामले की जांच कर रही पुलिस ने दोनों लड़कियों के "सुसाइड नोट" बरामद किए और कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उनकी मौतों के पीछे व्यक्तिगत मुद्दे हो सकते हैं। सैंड्रा की मां सिंधु ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि उनकी बेटी अक्सर परिवार से कहती थी कि वह एसएआई सुविधा केंद्र में रहने से तंग आ चुकी है। सिंधु ने कहा कि सैंड्रा ने अपनी बारहवीं की परीक्षा पूरी करने के बाद घर लौटने और फिजियोथेरेपी का कोर्स करने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, "हमारी स्थिति को देखते हुए मैं उसे वहीं रहने के लिए कहती थी। वह हमसे सब कुछ साझा करती थी।" सिंधु ने बताया कि सैंड्रा को रविवार और बृहस्पतिवार को परिवार से संपर्क करने की अनुमति थी। हालांकि, बुधवार को मृत्यु से एक दिन पहले रात लगभग आठ बजे सैंड्रा ने वार्डन के फोन से उन्हें फोन किया था। सिंधु ने कहा, "बातचीत के दौरान मैंने उसकी आवाज में बदलाव महसूस किया और इसके बारे में उससे पूछा। उसने कुछ नहीं कहा और अपने पिता से बात करती रही।"

# गोवा में 2 रशियन महिलाओं की बेरहमी से हत्या, रेता गला



**दोनों का पहले रेता गला फिर हाथ पीठ के पीछे बांधे**

एजेंसी ▶▶| पणजी

गोवा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 2 रशियन महिलाओं की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। मामला उत्तरी गोवा के अरम्बोल और मोरजिम गांवों का है। यहां 14 और 15 जनवरी को रूस की दो महिलाओं की हत्या हुई। इस हत्याकांड के आरोप में एक रूसी व्यक्ति एलेक्सी लियोनोव को गिरफ्तार किया गया है। मांड्रेम थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'आरोपी ने 14 जनवरी को मोरजिम स्थित उसके कमरे में दोस्त एलेना वानीवा (37) की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। वानीवा की मकान मालकिन की शिकायत के अनुसार, यह घटना रात 11 बजे के बाद हुई।'

## 'माघ मेले' में उमड़े श्रद्धालु



**प्रयागराज।** शनिवार को प्रयागराज में चल रहे 'माघ मेला' उत्सव के दौरान लोग 'मौनी अमावस्या' से पहले संगम में पवित्र डुबकी लगाते लोग। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ रही।

## कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़

# विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग पर हेलीकॉप्टर से बरसे फूल

एजेंसी ▶▶| मोतिहारी

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित कैथवलिया में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना को लेकर पीठ पूजन का कार्य हुआ। इस दौरान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगा रहे हैं। शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में महावीर मंदिर न्यास के सचिव शायन कुणाल और उनकी पत्नी, सांसद शांभवी चौधरी, जजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के साथ पहुंच चुके हैं।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे
- हर-हर महादेव, जय श्री राम की रही गूंज
- महावीर मंदिर न्यास के सचिव व सांसद बने जजमान



लोगों की भीड़



### मंगल गीतों से गूंज उठा परिसर

पीठ पूजन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। वहीं हर कोई इस दुर्लभ और ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनकर पुण्य का भागी बनने की कामना करत रहा।

### मोतिहारी से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग बदला

मोतिहारी से पिपराकोठी–कोटवा–भोपतपुर होते हुए राजपुर के रास्ते कैथवलिया मंदिर पहुंचा जा सकता है। इस मार्ग की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है।

### पुलिस ने किए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

जाम की स्थिति से बचने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर सात प्रमुख ड्रॉप गेट बनाए गए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई। कार्यक्रम स्थल तक सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक टीमों की तैनाती रही। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

## सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि आर्टेमिस अस्पताल, सेक्टर–51, गुरुग्राम–122001, अस्पताल की अभिलेख संरक्षण नीति और लागू कानूनों के अनुसार, वर्ष 2021 से पूर्व की अवधि में इलाज किए गए रोगियों से संबंधित चिकित्सा अभिलेख विभाग (MRD) की कुछ फाइलों को नष्ट करने का प्रस्ताव करता है।

उक्त अवधि के अपने चिकित्सा अभिलेखों की प्रति चाहने वाले किसी भी रोगी या कानूनी उत्तराधिकारी से अनुरोध है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के भीतर वैध पहचान पत्र और सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित आवेदन करें।

उपरोक्त अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा, और इसके बाद अभिलेखों की अनुपलब्धता के लिए अस्पताल जिम्मेदार नहीं होगा।

पत्राचार हेतु पता:
मेडिकल रिकॉर्ड्स डिपार्टमेंट (MRD)
आर्टेमिस अस्पताल,
सेक्टर–51, गुरुग्राम – 122001, हरियाणा

फोन: 0124–4511 111
दिनांक: 18 जनवरी, 2026
स्थान: गुरुग्राम

आर्टेमिस अस्पताल की ओर से
(आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड की एक इकाई)

**इस्लामिक देश ईरान में रिकॉर्ड तोड़ मुद्रास्फीति, खाद्य पदार्थों की कीमतों और मुद्रा के अवमूल्यन को लेकर अराजकता का माहौल है। आमजन में निराशा के चलते विरोध प्रदर्शन जल्द ही एक व्यापक आंदोलन में तब्दील हो चुके हैं, जिसमें मौजूदा शासन को समाप्त करने की मांग की गई है। नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, कठोर मजहबी प्रतिबंधों एवं सामाजिक कानूनों के प्रति विद्रोही हैं। लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से असंतुष्ट हैं। उधर, अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वह अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी हितों के अनुकूल नवशासन स्थापित कर ईरानी परमाणु कार्यक्रमों को पूरी तरह बंद करवाना चाहता है। ट्रंप की अतिवादी नीतियों ने जिस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसे आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का खेल शुरू किया है, यह सीधे तौर पर भारत के लिए भी एक और मुसीबत खड़ी कर सकता है। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट भारत के लिए अर्थनीतिक रूप में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। अगर ईरान की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, तो इससे वैश्विक स्तर पर तेल और वित्तीय बाजारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# ईरान का इस्लामिक दुनिया से जटिल रिश्ता



**विश्लेषण**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

रमजान के महीने में राजधानी दिल्ली में इस्लामिक देशों के राजनयिक आमतौर पर चाणक्यपुरी में स्थित सूडान एंबेसी में नमाज अदा करते हैं। ईरानी राजनयिक अपनी एंबेसी में ही नमाज अदा करते हैं। ईरान और शेष इस्लामिक संसार में दूरियों को इस उदाहरण से कुछ हद कर समझा जा सकता है। दरअसल, ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है, लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है। हालांकि, शिया-सुन्नी विभाजन के कारण ईरान की सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य सुन्नी-बहुल देशों के साथ प्रतिद्वंद्विता गहरी है। ईरान को सुन्नी राष्ट्रों द्वारा 'शिया विस्तारवादी' के रूप में देखा जाता है, जबकि ईरान इन देशों को अमेरिका की कठपुतली मानता है।

**ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है, लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है।**

## विद्रोहियों को रहा समर्थन

1980 के दशक से ईरान ने लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में शिया मिलिशिया, सीरिया में असद शासन और यमन में हूती विद्रोहियों को समर्थन दिया। यह नेटवर्क ईरान को क्षेत्रीय शक्ति प्रदान करता है, लेकिन इसे आतंकवाद का प्रायोजक भी बनाता है, जैसा कि अमेरिका और उसके सहयोगी दावा करते हैं। सऊदी अरब और ईरान में पुरानी अदावत है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सारी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यावसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं। क्या सऊदी अरब और ईरान कभी चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है।

## ईरान की अलगाववादी स्थिति

उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। इस बीच, ईरान अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे सुन्नी बहुल देशों के साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाता है। वह मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे सुन्नी समूहों से भी संबंध रखता है, ताकि अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला कर सके, लेकिन कुल मिलाकर, ईरान की अलगाववादी स्थिति बनी हुई है, विशेष रूप से सुन्नी अरब देशों के साथ। हालांकि यह बताना जरूरी है कि उसकी पाकिस्तान से तनातनी भी चलती रहती है। ईरान ने पाकिस्तान में 2021 में सर्जिकल स्ट्राइक किया था। इस हमले का नतीजा यह हुआ कि ईरान ने अपने कुछ अपहृत कर लिए गए नागरिकों को 'जैश उल अदल' नाम के आतंकी संगठन के कब्जे से छुड़वा लिया। जैश अल-अदल के आतंकी पाकिस्तान की ईरान से लगती सरहद पर लगातार हमले बोल रहे हैं। उनके 2019 के हमले में 27 ईरानी नागरिक मारे गए थे। ओआईसी में ईरान की स्थिति ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) 1969 में स्थापित विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 57 मुस्लिम बहुल देश शामिल हैं।

## ओआईसी में भूमिका प्रभावित

ईरान इस संगठन का संस्थापक सदस्य होने के साथ-साथ शुरू से ही एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हालांकि, ईरान की स्थिति हमेशा विवादास्पद और उतार-चढ़ाव वाली रही है। सऊदी अरब के साथ क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता ने ओआईसी में ईरान की भूमिका को बार-बार प्रभावित किया।

उसे 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान ओआईसी में अलग-थलग करने की कोशिशें हुईं। फिर भी, ईरान ने इस संगठन में अपनी सक्रियता कभी कम नहीं होने दी। वह फिलिस्तीन के समर्थन, कश्मीर मुद्दे और इस्लामोफोबिया के खिलाफ लगातार मुखर रहा। हाल के वर्षों में, खासकर 2024-2025 में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव और ईरान पर हुए हमलों के बाद उसने ईरान ओआईसी से मजबूत एकजुटता की मांग की। कतर, मलेशिया, इंडोनेशिया और तुर्की जैसे देशों ने कई बार ईरान के पक्ष में आवाज उठाई, लेकिन सऊदी अरब और उसके सहयोगियों के प्रभाव के कारण संगठन अक्सर निर्णायक कार्रवाई करने में असमर्थ रहा।

## सुन्नी देशों के साथ तनाव

ईरान ओआईसी को मुस्लिम दुनिया की एकता का मंच मानता है, लेकिन ईरान की स्थिति प्रभावशाली तो है, परंतु पूर्ण नेतृत्व वाली नहीं है। आज ईरान के प्रमुख सहयोगी हैंः लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद, यमन में हूती, इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज। ये समूह ईरान को इजराइल और अमेरिका के खिलाफ 'प्रतिरोध' प्रदान करते हैं। ईरान रूस और चीन के भी करीब है, जो उसे प्रतिबंधों से बचाने में मदद करते हैं। दूसरी ओर, उसका सुन्नी देशों के साथ तनाव जारी है। सऊदी अरब के साथ यमन युद्ध और इराक में प्रभाव की लड़ाई ने संबंधों को बिगाड़ा है। हालांकि, 2023 में चीन की मध्यस्थता से कुछ सामान्यीकरण हुआ, लेकिन इजराइल-हमास युद्ध ने फिर तनाव बढ़ाया। ईरान खुद को मुस्लिम दुनिया का रक्षक बताता है, लेकिन कई राष्ट्र उसे संदेह की नजर से देखते हैं।

## देश में विरोध प्रदर्शन

उनका मानना है कि वह क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाता है। ईरान में आजकल चल रही उथल-पुथल इस्लामिक दुनिया के साथ उसके संबंधों को और जटिल बना रही है। दिसंबर से तेहरान के ग्रैंड बाजार में दुकानदारों की हड़ताल से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन तेजी से देशव्यापी हो गए, सभी 31 प्रांतों में फैल गए। शुरुआत में मुद्रा (रियाल) के पतन और 40% महंगाई के खिलाफ थे, लेकिन जल्दी ही राजनीतिक हो गए। प्रदर्शनकारी देश के शिखर नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगा रहे हैं, रेजा पहलवी (पूर्व शाह के पुत्र) के पक्ष में चिल्ला रहे हैं, और शासन के अंत की मांग कर रहे हैं।



# रूस-चीन की दिलचस्पी सैनिक कार्रवाई में नहीं



**मुद्दा**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 के तीसरे ही दिन अमेरिका ने जिस तरह वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की, उसके बाद से विशेषकर सैनिक रूप से कमजोर देशों में चिंता की लहर है। अमेरिका के सर्वोच्च पद पर डोनॉल्ड ट्रंप के रहते ऐसी चिंताएं स्वाभाविक भी हैं। जिस तरह अपने ही खेमे के देश डेनमार्क के ग्रीनलैंड द्वीप पर ट्रंप ने अपनी नजर टिका रखी है, उससे दुनिया को चिंतित होना ही चाहिए। ऐसे में विश्व की निगाह दुनिया के सैनिक रूप से दूसरे शक्तिशाली देश रूस और आर्थिक रूप से दूसरे और सैनिक रूप से तीसरे ताकतवर देश चीन पर लगना स्वाभाविक है। दोनों ही देशों ने वेनेजुएला पर जिस तरह रस्मी प्रतिक्रिया जताई है, उससे लगता नहीं कि वे भविष्य में ऐसी अमेरिकी कार्रवाइयों के खिलाफ अपने मित्र देशों के पक्ष में खड़े होंगे।

जब तक सोवियत संघ अस्तित्व में रहा, कम से कम दुनिया के कमजोर और साधनहीन देशों को उम्मीद रहती थी कि अगर अमेरिका ने उनकी ओर आंख तरेरी तो सोवियत संघ का साथ मिलेगा और अगर सोवियत संघ ने निगाहें तीखी कीं तो अमेरिका उसकी मदद करने पहुंचेगा। सोवियत संघ के विघटन के बाद उसका सबसे बड़ा हिस्सा रूस शक्तिशाली तो बना रहा है, लेकिन मौजूदा अमेरिका-ब्रिटेन प्रेरित-पोषित आर्थिक दुनिया में सोवियत संघ जैसी ताकत बना नहीं रह सका। बेशक डॉलर, सोवियत और आज के रूस की मुद्रा रूबल की तुलना में ताकतवर था, लेकिन ऐसा भी नहीं था कि आर्थिक रूप से पूरी दुनिया को नियंत्रित कर सके। आज आर्थिक क्षेत्र में डॉलर को कोई चुनौती नहीं है। ब्रिक्स देशों ने अपनी-अपनी मुद्राओं को आपसी आर्थिक व्यवहार में आगे बढ़ाने की कोशिश तो की है, हालांकि वह डॉलर को चुनौती देने की स्थिति में नहीं आ पाई हैं। अमेरिका जानता है कि उसकी आर्थिक ताकत को बड़े स्तर पर चुनौती देने की हालत में दुनिया की दूसरी यानी चीन की अर्थव्यवस्था नहीं है, इसलिए ट्रंप बेफिक्र होकर कभी मैक्सिको को अपना उपनिवेश बनाने की वकालत करते हैं तो कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का ऐलान करते हैं। ग्रीनलैंड पर निगाह और वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई उनकी इसी सोच का विस्तार है। वेनेजुएला पर कार्रवाई को लेकर रूस और चीन ने चिंताएं तो जाहिर कीं, लेकिन वे वेनेजुएला को सैनिक सहयोग करने के लिए इच्छुक नहीं दिखे। इसकी मोटे तौर पर दो वजहें सामने आती हैं। वेनेजुएला से रूस ने 2010 में समझौता तो किया, लेकिन वह रणनीतिक, तकनीकी और आर्थिक मामलों पर केंद्रित है। सैनिक सहयोग की बात उसमें नहीं है। दिलचस्प यह है कि वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला चीन भी इस मामले में उसको सैनिक सहयोग करने से दूर है। वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं। ट्रंप काल में अमेरिका से कारोबारी मुद्दे पर उसकी ठनी हुई है। जिसे वह सहज करने की कोशिश में है, इसलिए वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहता, जिससे अमेरिका से उसके कारोबारी रिश्तों पर असर पड़े। चीन की पूरी कोशिश है कि अमेरिका से जारी व्यापार युद्ध को खत्म करे। उसकी कोशिश किसी तरह अमेरिका को खुश करने की भी होगी, ताकि वेनेजुएला से वह पहले की तरह तेल का भारी आयात कर सके। वेनेजुएला के मसले पर रूस की भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। रूस यूक्रेन में फंसा हुआ है। वेनेजुएला से रूस की रणनीतिक संधि तो है, लेकिन उसमें साझा रक्षा का जिक्र नहीं है। फिर रूस के संसाधन, सेना, सैन्य उपकरण आदि यूक्रेन युद्ध में लगे हुए हैं। ऐसे में अगर वह वेनेजुएला का सैन्य सहयोग करता है तो एक तरह से अमेरिका के खिलाफ नया मोर्चा खोलना होगा। रूस इस वजह से बचना चाहता है, इसीलिए जब रूसी झंडा लगे पोत को अमेरिकी सेना ने रोका तो रूस ने सिर्फ अमेरिका से रूसी नागरिकों की हिफाजत और उन्हें छोड़ने की अपील ही की। जाहिर है कि लगातार अर्थकेंद्रित होती दुनिया में देशों की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। रूस और चीन इसी मानस से ग्रस्त हैं, इसीलिए वेनेजुएला ही नहीं, ऐसे अपने किसी और साथी के सहयोग के लिए सक्रिय रूप से सामने आने में अब उनकी दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में दुनिया, विशेषकर अमेरिकी कोप से आशंकित देशों को चिंतित होने की जरूरत है। उन्हें वैकल्पिक राह भी तलाशनी होगी।

***वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं।***

# पर्शिया से ईरान बनने तक : सत्ता संस्कृति और संघर्ष की गाथा




**सफरनामा**

सेंट्रल डेस्क

आज जिसे दुनिया ईरान के नाम से जानती है, वह सदियों तक पर्शिया या फारस कहलाता रहा। दिलचस्प तथ्य यह है कि देश के भीतर इसे हमेशा ईरान ही कहा गया, नाम बदला तो केवल बाहरी दुनिया की दृष्टि में। इसका नाम चाहे जो रहा हो, इस भूभाग की शक्ति, संस्कृति और महत्व कभी कम नहीं हुए। इतिहास के पन्ने पलटकर देखें तो ईरान की सभ्यता लगभग चार हजार वर्ष पुरानी है। इलेमाइट, अस्सीरियन और मेडियन सभ्यताओं के बाद हमदान राजधानी बना और यहीं से संगठित राजशाही की नींव पड़ी। इसी परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई सायरस द ग्रेट ने, जिन्होंने एकेमेनिड साम्राज्य खड़ा किया। उनका साम्राज्य पूर्वी यूरोप से लेकर सिंधु नदी तक फैला था। सायरस केवल विजेता नहीं थे, वे कुशल प्रशासक भी थे। क्षत्रप प्रणाली, धार्मिक सहिष्णुता और यहूदियों की मुक्ति जैसे फैसलों ने उन्हें इतिहास में विशिष्ट स्थान दिलाया। भारत और फारस के भाषाई और सांस्कृतिक रिश्ते भी इसी दौर में मजबूत हुए।

सायरस के उत्तराधिकारी डेरियस द ग्रेट के समय फारस दुनिया की लगभग आधी आबादी पर शासन करता था। भारत को 'हिंदुस्तान' नाम देने का श्रेय भी इसी काल को जाता है। हालांकि ग्रीस पर आक्रमण फारस की वह रणनीतिक भूल साबित हुई, जिसने साम्राज्य की नींव हिला दी। 331 ईसा पूर्व में सिकंदर ने डेरियस तृतीय को हराकर पर्शिया पर अधिकार कर लिया। यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि एक युग के अंत का संकेत थी। सिकंदर के बाद सेल्युकिड और पार्थियन आए, लेकिन फारसी गौरव का पुनरुत्थान सासानी वंश में हुआ। शापुर प्रथम ने रोमन सम्राट वैलेरियन को बंदी बनाकर रोम की अजेयता के मिथक को तोड़ा। इसके बाद सातवीं सदी में इस्लाम का आगमन हुआ। अरब विजय के साथ जोरोस्ट्रियन धर्म पर दबाव बढ़ा और यही समुदाय आगे चलकर पारसी कहलाया। जीवन रक्षा के लिए इन लोगों का भारत आगमन हुआ, जिसने भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को नई पहचान दी।

मध्यकाल में फारसी भाषा और संस्कृति ने फिर उन्नति की। फिरदौसी की शाहनामा ने ईरान को उसकी ऐतिहासिक स्मृति लौटाई, लेकिन मंगोल आक्रमणों ने इस समृद्धि को तहस-नहस कर दिया। चंगेज खान और बाद में तैमूर के हमलों ने फारस और भारत दोनों को गहरे घाव दिए, जिनकी छाप सदियों तक बनी रही। आधुनिक ईरान की पहचान सफवी वंश के शिया धर्म को राज्य धर्म बनाने से बनी। यही कारण है कि आज ईरान शिया इस्लाम का केंद्र है। नादिर शाह के दिल्ली आक्रमण ने मुगल साम्राज्य के पतन को तेज किया और भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। उन्नीसवीं सदी में पर्शिया ब्रिटेन और रूस की साम्राज्यवादी राजनीति में उलझ गया। 1935 में रेजा शाह पहलवी ने देश का आधिकारिक नाम ईरान किया। तेल के राष्ट्रीयकरण और 1953 के अमेरिकी-समर्थित तख्तापलट ने ईरान की राजनीति को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। शाह की भव्यता और जनता की बदहाली के बीच खाई बढ़ती गई। 1979 की इस्लामी क्रांति ने राजशाही का अंत कर दिया, लेकिन स्थायी स्थिरता नहीं दे सकी। आज ईरान एक बार फिर अपने अतीत और वर्तमान के बीच झूल रहा है। इतिहास गवाह है कि यह देश जितनी बार आगे बढ़ा, उतनी बार उसका अतीत उसके सामने खड़ा हो गया। शायद यही कारण है कि सिकंदर की अंगूठी, शाहनामा की गाथाएं और शाह की ताजपोशी आज भी ईरान की राजनीति और चेतना में एक साथ जीवित हैं। गौरतलब है कि ईरान में पिछले दो हफ्तों से विरोध प्रदर्शनो जारी हैं। इनकी वजह से वहां की स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक करीब 114 सरकारी अधिकारी व कर्मचारी भी मारे गए हैं। हालांकि, सही संख्या का जानना मुश्किल है क्योंकि देश में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों पर पाबंदियां हैं।

***सिकंदर की अंगूठी, शाहनामा की गाथाएं और शाह की ताजपोशी आज भी ईरान की राजनीति और चेतना में एक साथ जीवित हैं।***

# तेल बाजारों के लिए कितने मायने रखता है ईरान का भविष्य



**अराजकता**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

ईरान में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल भारत के लिए सिर्फ एक विदेशी संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की सुरक्षा, व्यापार और रणनीति से सीधे जुड़ा मामला बनता जा रहा है। ईरान और भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं।

ये रिश्ते सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं, बल्कि भूगोल, रणनीतिक संतुलन और क्षेत्रीय पहुंच से जुड़े हैं। अगर ईरान कमजोर हुआ या वहां सत्ता परिवर्तन हुआ, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान भारत को हो सकता है। भारत के लिए ईरान सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि पश्चिम की ओर खुलने वाला एकमात्र भरोसेमंद दरवाजा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए भारत के जमीनी रास्ते बंद कर रखे हैं। ऐसे में ईरान ही भारत को उस क्षेत्र से जोड़ता है, जहां से ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक पहुंच मिलती है। ट्रंप की अतिवादी नीतियों ने जिस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसे आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का खेल शुरू किया है, यह सीधे तौर पर भारत के लिए भी एक और मुसीबत खड़ी कर सकता है। अगर ईरान की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, तो इससे वैश्विक स्तर पर तेल और वित्तीय बाजारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। वेनेजुएला में निकोलस मादुरो को हटाए जाने के बाद ऐसा नहीं हुआ था, लेकिन ईरान के मामले ने सभी को चिंता में डाल दिया है क्योंकि ईरान, वेनेजुएला की तुलना में चार गुना अधिक तेल का उत्पादन करता है। ओपेक देशों में ईरान तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। दुनिया की कुल तेल मांग का लगभग चार फीसदी हिस्सा ईरान से आता है, जबकि वेनेजुएला सिर्फ एक फीसदी ही उत्पादन करता है। संघर्ष के समय में इतिहास इसका गवाह रहा है। फिलहाल, बाजार 'इंतजार करो और देखो' की स्थिति में है। क्रूड की कीमतों में उथल-पुथल का असर भारत पर सीधे पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा आयात से पूरा करता है। इस भारी निर्भरता के कारण उसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार का काफी बड़ा खर्च इस पर करना पड़ता है। इससे भारत का इंपोर्ट बिल बढ़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जरा भी तेजी भारत में पेट्रोल, डीजल और माल ढुलाई की लागत बढ़ा देती है। दूसरी तरफ, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। सत्ता परिवर्तन के संक्रमण काल में भारत को अमेरिका और ईरान के बीच संतुलन बनाना बहुत कठिन हो सकता है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण चोक प्वाइंट बना हुआ है। यहां से वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत और कच्चे तेल के निर्यात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है। ईरान इस रास्ते को बंद कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी तरह की बाधा से इराक, सऊदी अरब और यूएई से तेल की खेप प्रभावित हो सकती है। इस रास्ते में बाधा आने से तेल लाने की लागत बढ़ जाएगी। इससे समय के साथ-साथ लागत के मामले में भारत के निर्यात को नुकसान हो सकता है।

साफ है, यदि सत्ता परिवर्तन हिंसक होता है तो ईरान में लंबे समय तक अस्थिरता रह सकती है। इससे भारत के करोड़ों डॉलर के निवेश अधर में लटक सकते हैं। वर्तमान में अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत ईरान से तेल नहीं खरीद पा रहा है। यदि नई सरकार आती है और अमेरिका के साथ उसके संबंध सुधरते हैं, तो भारत को फिर से ईरान से सस्ता और गुणवत्तापूर्ण कच्चा तेल मिल सकेगा। इसमें कोई संदेह नहीं स्थिर ईरान भारत के लिए बहुत मायने रखता है। ईरान में सत्ता परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से होता है तो यह भारत के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आएगा।




**भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा तेल आयात से पूरा करता है। इस भारी निर्भरता के कारण उसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार का काफी बड़ा खर्च इस पर करना पड़ता है।**

# आंतरिक और बाह्य संकटों में उलझा ईरान



**विरोध**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

इस समय ईरान गहन आंतरिक तथा बाह्य संकटों में उलझा हुआ है। गत वर्ष जून में अमेरिका के साथ प्रक्षेपास्त्रीय युद्ध में अपनी सामरिक शक्तियों के ध्वस्त होने के बाद इस देश में अर्थव्यवस्था का भी तीव्र पतन हुआ। ईरान की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक बदहाली और राजनीतिक कठोरता का मिश्रण है। दशकों से लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। यहां मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ईरानी रियाल का मूल्य निरंतर कम हो रहा है। सबसे बड़ी समस्या जो इस देश में है, वो 'इस्लामिक रिपब्लिक' शासन व्यवस्था है। यह शासन लोकोपकारी भूमिका में है ही नहीं। शासकीय कुव्यवस्था ने नागरिकों की स्वतंत्रता छीन ली है।

नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, कठोर मजहबी प्रतिबंधों एवं सामाजिक कानूनों के प्रति विद्रोही हैं। लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से अति असंतुष्ट हैं। ईरान के नवीन आंदोलनों की सबसे बड़ी लहर 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुई थी, जिसे ठीक से 'हिजाब' न पहनने के कारण नैतिकता प्रबंधन पुलिस ने अभिरक्षा में लिया था। हालांकि, इन दिनों के जनप्रदर्शन केवल हिजाब-प्रकरण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इनके होने के पीछे अनेक कारण हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता इनमें प्रमुख है।

स्त्रियां एवं युवा 'स्त्री, जीवन, स्वतंत्रता' नारे के साथ व्यक्तिगत अधिकारों की मांग कर रहे हैं। भ्रष्टाचार व शासकीय कुप्रबंधन ने भी जन विद्रोह में वृद्धि की है। जनता पूर्णतः आश्वस्त है कि देश के संसाधन आम लोगों के कल्याण की तुलना में विदेशी संघर्षों तथा सत्ता संरक्षण में निर्धारित हैं। यही कारण है कि प्रदर्शनकारी अब केवल शासन पद्धति में सुधार नहीं, बल्कि धार्मिक नेतृत्व के अंत की कठोर मांग भी कर रहे हैं। अमेरिका तो ईरान के पीछे तब ही से पड़ा हुआ है, जब से उसे ईरान में परमाणु अस्त्रों के प्रथम परीक्षण की भनक लगी थी। जहां ईरान स्वभूमि पर विद्यमान प्राकृतिक तेल भंडारों की सुरक्षा के लिए सामरिक शक्तियों से संचित होने की कामना से भरा रहा है, वहीं अमेरिका की मंशा आरंभ से ही इस कोण पर केंद्रित रही है कि ईरान को स्वतंत्र रूप में परमाणु अस्त्र की शक्ति से संपन्न नहीं होने देना है, क्योंकि ऐसा हो जाने पर अमेरिका उसके तेल संसाधनों का मनमाना दोहन नहीं कर सकेगा। अपने इस दृष्टिकोण को विश्व में स्वीकार्यता देने के उद्देश्य से वह ईरान के इन आंदोलनों को अपने स्तर पर तीव्र कर रहा है। वह इन्हें 'लोकतंत्र के समर्थन' के रूप में प्रचारित कर रहा है। अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वह अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी हितों के अनुकूल नवशासन स्थापित कर ऐसे शासन के माध्यम से ईरानी परमाणु कार्यक्रमों को पूरी तरह बंद करवाना चाहता है।

अमेरिकी कामना ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव को कम करने की भी है। चूंकि ईरान मध्य पूर्व में इजरायल और सऊदी अरब का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। अमेरिका इस स्थिति का सामरिक, आर्थिक व राजनीतिक लाभार्जन चाहता है। वह आंदोलनों व जनप्रदर्शनों के माध्यम से ईरान के प्रभाव को सीमित करना चाहता है। अमेरिका आंदोलनों की आड़ में अत्यधिक कठोर प्रतिबंध लगाकर ईरानी शासन पर दबाव बनाना चाहता है ताकि वह परमाणु समझौते पर सीधे-सीधे उसकी शर्तों को मान ले। प्रत्यक्ष रूप में भारत भले ही ईरान-प्रकरण पर तटस्थ प्रतीत हो, किंतु अनेक स्तर पर स्वहितों की रक्षा हेतु भारत, आंदोलनकारी स्थितियों को नियंत्रित करने की दिशा में ईरान के साथ कूटनीतिक विमर्श में सम्मिलित है। यदि हमारे व ईरान के संबंधों को देखें तो इनका सबसे बड़ा आधार आर्थिक व व्यापारिक है। वैसे दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहे हैं। ऊर्जा सुरक्षा दोनों के संबंधों का एक विशाल सेतु रही है। एक समय में ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था।

हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत का ईरान से तेल आयात कम हो गया है, परंतु तब भी दोनों ओर से ऊर्जा सहयोग की संभावनाएं बनी हुई हैं। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट भारत के लिए अर्थनीतिक रूप में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके माध्यम से भारत पाकिस्तान के पारगमन मार्ग को अनस्तित्व कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच बनाता है। इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर अर्थात व्यापार मार्ग रूस और यूरोप तक पहुंचने के लिए भारत और ईरान के बीच एक प्रमुख कड़ी है।

भारत व पारंपरिक ईरान के बीच सांस्कृतिक सह-संबंध भी था। दोनों देशों में प्राचीन भाषायी एवं सांस्कृतिक समानताएं हैं, जो द्विपक्षीय आधुनिक कूटनीति को शक्तिसंपन्न करती है। इस आधार पर भारत आंदोलन के कारण हिंसक, अस्थिर तथा अस्त-व्यस्त ईरान के हितों की रक्षा हेतु कूटनीतिक पहल कर सकता है।




**अमेरिका की मंशा यह रही कि ईरान को स्वतंत्र रूप में परमाणु अस्त्र की शक्ति से संपन्न नहीं होने देना है, क्योंकि वह उसके तेल संसाधनों का मनमाना दोहन नहीं कर सकेगा।**

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन: रिकॉर्ड बनाने से बस एक कदम दूर वीनस

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

वीनस विलियम्स 45 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में नया रिकार्ड बनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की यह स्टार खिलाड़ी रविवार को कोर्ट पर उतरते ही वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें इस बात का अहसास तब तक नहीं हुआ जब तक कि उन्हें पांच साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश नहीं मिला। वीनस जापान की किमिको दाते का रिकॉर्ड तोड़ेगी, जिन्होंने 44 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था।



## पहली बार 1998 में लिया था हिस्सा

वीनस ने कहा, 'जब तक यह खबर मीडिया में नहीं आई, मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है।' मीडिया से बात करने के बाद वह सभागार से बाहर निकलीं और अपने पति एंड्रिया प्रीटी के हाथ में हाथ डालकर एक गलियारे से होते हुए खिलाड़ियों के क्षेत्र में वापस चली गईं। उन्होंने इससे पहले 2021 में आखिरी और कुल 21वीं बार मेलबर्न पार्क में प्रतिस्पर्धा की थी। वीनस जब 17 साल की थीं तब उन्होंने पहली बार 1998 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। मेलबर्न पार्क की अपनी पहली यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'वह खूबसूरत समय था, क्योंकि मुझे बहुत सी चीजों के बारे में पता नहीं था। लेकिन न जानने का एक बड़ा फायदा यह है कि इससे आपको नए सिरे से शुरुआत करने का मौका मिलता है। मुझे बहुत कुछ सीखना था और फिर मैंने वह सब सीख लिया।'

# 25वें खिताब की ओर जोकोविच, अल्काराज और सिनर बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे।

जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। जोकोविच ने कहा, '2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया।' उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं, जहां वे अभी हैं। वे इस समय पुरुष टेनिस में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।' जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम एकल खिताब की तलाश में तीसरा सत्र शुरू कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव किया है। उन्होंने अपने एकमात्र निर्धारित अभ्यास टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहते हैं।



## खबर संक्षेप



### एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य बने विजेंदर

**नई दिल्ली।** मुक्केबाज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजेंदर ने कहा, 'एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### बांग्लादेश की टी-20 वर्ल्डकप में अब ग्रुप बदलने की मांग

**ढाका।** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बांग्लादेश ने अब अपना ग्रुप बदलने की मांग की है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा है कि उसे ग्रुप-सी की जगह दूसरे ग्रुप-बी में शामिल किया जाए। बोर्ड का तर्क है कि ऐसा होने पर बांग्लादेश को अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलने होंगे, इससे यात्रा और सुरक्षा से जुड़ी दिक्कतें कम होंगी। यह प्रस्ताव शनिवार, 17 जनवरी को ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान रखा गया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का मानना है कि उनकी टीम को आयरलैंड की जगह ग्रुप-बी में शामिल करने से टूर्नामेंट के आयोजन में ज्यादा बदलाव नहीं करने पड़ेंगे और बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी भी एक ही देश में संभव हो पाएगी। मौजूदा शेड्यूल के अनुसार आयरलैंड को अपने ग्रुप-बी मुकाबले श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और ओमान के खिलाफ कोलंबो में खेलने हैं, जबकि उनका आखिरी मैच कैंडी में जिम्बाब्वे से होगा। दूसरी ओर, बांग्लादेश को अपने मौजूदा ग्रुप-सी में वेस्टइंडीज, इटली और इंग्लैंड के खिलाफ कोलकाता में तीन मैच खेलने हैं, जबकि आखिरी ग्रुप मुकाबला मुंबई में नेपाल के खिलाफ तय है।

## अंडर19 वर्ल्ड कप 2026 : भारत की लगातार दूसरी जीत

# बांग्लादेश को 18 रन से हराया, विहान को 4 विकेट, वैभव और अभिज्ञान की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

आफ स्पिनर विहान मल्होत्रा ने 14 रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने अंडर 19 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में शनिवार को बांग्लादेश पर डकवर्थ लुईस प्रणाली से 18 रन से जीत दर्ज की। भारत को 49 ओवर के मैच में 238 रन पर आउट करने के बाद बांग्लादेश जीत की ओर बढता दिख रहा था लेकिन 40 रन के भीतर आठ विकेट गंवा दिये और भारत को लगातार दूसरी जीत तोहफे में दे दी। बांग्लादेशी टीम 28.3 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई। मैच के बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों को हाथ मिलाते और बातचीत करते देखा गया। भारत अब ग्रुप बी में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि बांग्लादेश और अमेरिका ने अभी खाता नहीं खोला है। न्यूजीलैंड ने अभी तक ग्रुप बी में अपने अभियान का आगाज नहीं किया है। बारिश के कारण दूसरी बार डेढ घंटे का खेल बाधित होने के बाद बांग्लादेश को 29 ओवर में 165 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। एक समय पर बांग्लादेश ने 20 ओवर में दो विकेट पर 102 रन बना लिये थे और डकवर्थ लुईस प्रणाली से वह 14 रन आगे था।



### अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर

*वैभव अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर (14 साल, 294 दिन) बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने कनाडा के बैट्समैन नीतीश कुमार का रिकॉर्ड तोड़ा। नीतीश 15 साल और 245 दिन के थे, जब उन्होंने 15 जनवरी 2010 को क्राइस्टचर्च में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ कनाडा के लिए अपना पहला अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेला था। यूएसए के खिलाफ मैच में वैभव ने एक विकेट भी लिया।*

### सूर्यवंशी ने कोहली को छोड़ा पीछे

भारत की तरफ से यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने अपने यूथ वनडे करियर में कुल 28 मुकाबलों की 25 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 46.57 के बेहतरीन औसत के साथ कुल 978 रन बनाए थे। वहीं वैभव ने 20 पारियों में 50 से अधिक के औसत के साथ यूथ वनडे में अपने 1000 रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया है। वह कोहली से भी आगे निकल गए हैं। वैभव भारत की तरफ से यूथ वनडे में सबसे कम पारियों में एक हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने के मामले में तीसरे सबसे तेज भारतीय बने हैं, जिसमें उनसे तेज सिर्फ शुभमन गिल 13 पारियों में तो वहीं उनमुक्त चंद ने 17 पारियों में ये कारनामा किया था। वहीं यूथ वनडे में हजार रन पूरे करने वाले वैभव 7वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

### नो हैंडशेक नीति पर चले म्हात्रे बांग्लदेशी कप्तान को किया अनदेखा




भारत और बांग्लादेश के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का असर क्रिकेट के मैदान पर भी दिखा क्योंकि शनिवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप ग्रुप ए मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तानों ने परंपरा के अनुसार हाथ नहीं मिलाए। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू होने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और बांग्लादेश के उप कप्तान जवाद अबरार टॉस के लिए आए थे। लेकिन सिक्का उछालने से पहले या बाद में उन्होंने हाथ नहीं मिलाया। हालांकि दोनों टीमों ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

#### एशिया कप से चल रही नीति

गौरतलब है कि पिछले साल एशिया कप से भारत और पाकिस्तान के बीच हाथ नहीं मिलाने की नीति चल रही है जो पहलगाम नरसंहार के बाद शुरू हुई थी। हाल के दिनों में भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक और क्रिकेट संबंध काफी खराब हुए हैं। हाल के दिनों में पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार के विरोध में भारत के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश विरोधी कई रैलियां आयोजित की गईं।

## डब्ल्यूपीएल

# यूपी वॉरियर्स ने 3 दिन में दूसरी बार मुंबई इंडियंस को हराया

लैनिंग और लिचफील्ड के अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

यूपी वॉरियर्स ने कप्तान मेग लैनिंग (70 रन) और फीबी लिचफील्ड (61) के अर्धशतकों और दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों टीम तीन दिन में दूसरी बार आमने सामने हुईं। दोनों ही बार यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को पराजित किया। लैनिंग की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने आठ विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की आधी टीम 11वें ओवर में 69 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद अमेलिया केर (नाबाद 49 रन) और अमनजोत कौर (41 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 45 गेंद में 83 रन की भागीदारी की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यूपी वॉरियर्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर खाता खोला था।

### दोनों टीमों के पांच मैच में चार-चार अंक

दोनों टीमों के पांच मैच में चार-चार अंक हैं। यूपी वॉरियर्स के लिए शिखा पांडे ने 30 रन देकर दो विकेट झटके जबकि क्रांति गौड़, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और क्लो ट्रायोन को एक एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 18 रन, नटाली साइवर ब्रंट ने 15, हैली मैथ्यूज ने 13 रन और सजीवन सजना ने 10 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार पांचवें मैच में असफल रहीं और पहले ही ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बोल्ड हो गईं।

## मंधाना और वोल ने आरसीबी को लगातार चौथी जीत दिलाई

**नवी मुंबई।** कप्तान स्मृति मंधाना शतक से चार रन से चूक गई लेकिन उनकी बेहतरीन पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज की। आरसीबी पांच टीमों की तालिका में शीर्ष पर है जबकि चार में से तीन मैच हारकर दिल्ली सबसे नीचे है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 41 गेंद में 62 रन की मदद से 166 रन बनाये थे। एक समय पर दिल्ली का स्कोर दूसरे ओवर में चार विकेट पर 10 रन था लेकिन शेफाली ने पारी को संभाला। मंधाना ने हालांकि उनकी पारी को बेनूर करते हुए आरसीबी को एकतरफा जीत दिलाई। आरसीबी ने तीसरे ओवर में ग्रेस हैरिस का विकेट गंवा दिया था लेकिन इसके बाद मंधाना और जॉर्जिया वोल ने दूसरे विकेट के लिये 142 रन की साझेदारी की। आरसीबी ने दस गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। मंधाना ने 61 गेंद में 13 चौकों और तीन छक्कों के साथ 96 रन बनाये। वहीं आस्ट्रेलिया की वोल ने 42 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 54 रन जोड़े। मंधाना ने नंदिनी शर्मा की गेंद पर लूसी हैमिल्टन को कैच दिया लेकिन तब तक टीम की जीत तय कर दी थी। वहीं पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली की टीम ने पहली नौ गेंद में ही दस रन पर चार विकेट गंवा दिये थे और 74 रन पर छह विकेट गिर चुके थे।

## ऑकलैंड ओपन

# मेनसिक ने किया तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश, जीता खिताब




एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

तीसरी वरीयता प्राप्त जैकब मेनसिक ने अपनी तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश करते हुए सेबेस्टियन बाएज को सीधे सेटों में हराकर ऑकलैंड ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज मेनसिक ने फाइनल में 6-3, 7-6 (7) से जीत हासिल करने के लिए 18 ऐस लगाए। चेक गणराज्य के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाकर अपना दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। अब वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लेंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा से होगा।

# एसए20 : एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स को हराया, प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

मौजूदा चैंपियन एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। सनराइजर्स (24 अंक), पार्ल रॉयल्स (24 अंक) और प्रिटोरिया कैपिटल्स (20 अंक) पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। एमआई केपटाउन के 14 अंक हैं। एमआई केपटाउन ने मैच में पहली गेंद से ही अपना दबदबा बना दिया था। ट्रेंट बोल्ट ने पारी की पहली ही गेंद पर शानदार फॉर्म में चल रहे क्विंटन डी कॉक को आउट कर दिया। सनराइजर्स इससे आखिर तक नहीं उबर पाया और उसकी टीम 9 विकेट पर 139 रन ही बना पाई।




### यानसन ने खेली शानदार पारी

सनराइजर्स की तरफ से ऑलराउंडर मार्को यानसन ने 23 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल हैं। एमआई केपटाउन के लिए बोल्ट ने 28 रन देकर तीन और कॉर्बिन बॉश ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। एमआई केपटाउन ने 19.2 ओवर में सात विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। यानसन ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 23 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन एमआई केपटाउन नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के बावजूद लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। उसकी तरफ से रीज़ा हेंड्रिक्स (43 गेंदों पर 41 रन) ने एक छोर संभाले रखा। ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे ने 18 गेंदों में 31 रन की तेज पारी खेली जबकि कीरोन पोलार्ड ने 14 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया।

*आज दोपहर 1.30 बजे से तीसरे वनडे में भारत और न्यूजीलैंड का मुकाबला*

# घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| इंदौर

अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवतः सबसे अच्छा अवसर है।



**टीमें इस प्रकार : भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड :** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्क्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।


## सेमीफाइनल को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ी

# मध्य प्रदेश के केतन चावला ने किया बड़ा उलटफेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप

मध्य प्रदेश के उभरते स्नूकर खिलाड़ी केतन चावला ने शनिवार को खेले गए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा 6-रेड नेशनल स्नूकर चैंपियन ध्वज हरिया (पीएसपीबी) को 5–3 से पराजित कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। एचएल सिटी की चेयरपर्सन शैलजा जून ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए दर्शकों से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की। शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार बैडमिंटन अकादमी में जारी 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के अंतर्गत स्नूकर मुकाबले की शुरुआत में ध्वज हरिया ने अपना अनुभव दिखाते हुए 3–1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद केतन चावला ने जबरदस्त धैर्य और तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए लगातार चार फ्रेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।



### विशेषज्ञों ने जमकर सराहा

*केतन की इस शानदार वापसी की दर्शकों और विशेषज्ञों ने जमकर सराहना की। वहीं, 28 बार के विश्व चैंपियन और पद्म भूषण से सम्मानित पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने भी अपने कद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के रयान रज्मी को 5–2 से शिकस्त दी। पंकज ने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा और निर्णायक मौकों पर सटीक शॉट्स खेलकर जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में लक्ष्मण रावत (पीएसपीबी) ने रेलवे के मलकीत सिंह को 5–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य रोमांचक मुकाबले में आदित्य मेहता (पीएसपीबी) ने अपने ही टीम साथी सौरव कोठारी को 5–1 से पराजित करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट के लगातार रोमांचक मुकाबलों से स्नूकर प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और सेमीफाइनल को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।*




सुरक्षित वापसी ने लौटा दी सभी के चेहरे पर मुस्कान

# कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए ईरान से लौटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर जारी व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये स्वदेश लौट आए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय नागरिकों को लेकर आने वाली कई वाणिज्यिक उड़ानें शुक्रवार रात दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरीं।

अपनों की सुरक्षित वापसी ने सभी के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

सुरक्षित वतन वापसी पर लोगों ने भारत सरकार और ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा मुहैया कराई गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। सुरक्षित वतन वापसी पर लोगों ने भारत सरकार और ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा मुहैया कराई गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया

◀ आंखों से खुशी और राहत के आंसू छलक गए

◀ भारत लौटकर परिजनों से मिलकर अच्छा लगा



### राहत नसीब हुई: शाजिद

*ईरान से वापस आए एक अन्य छात्र शाजिद ने बताया कि स्थिति अनिश्चित थी और संचार माध्यम के ठप होने से डर का एहसास बढ़ गया था। यात्रा की व्यवस्था के बारे में जानकारी मिलते ही राहत नसीब हुई। घर पहुंचकर अपने परिवार के सदस्यों से मिलना और उन्हें राहत की सांस लेते देखना वाकई बहुत सुखद था।*

### सरकार ने अच्छा काम किया

एक परिवार दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने पिता और बहन को लेने आया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। हम इसके लिए धन्यवाद देते हैं। हमें खुशी है कि हमारे अपने सुरक्षित वापस आ रहे हैं।

### सब सुचारु रुप से हुआ हम खुश हैं: काजमी

*ईरान से लौटी अपनी मां और चाची को लेने पहुंचे अब्बास काजमी ने कहा कि जैसे ही संचार व्यवस्था बहाल हुई, हमें एहसास हुआ कि स्थिति नियंत्रण में है। हमें तसल्ली मिली कि सब ठीक है। परामर्श जारी होते ही हमने दूतावास में पंजीकरण करा लिया और आगे के निर्देशों का इंतजार करने लगे। मेरी मां की उड़ान पहले से ही निर्धारित थी, इसलिए सब कुछ सुचारु रूप से हो गया और हम खुश हैं।*

### फांसी रद्द होने पर ट्रंप ने जताया आभार



*ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी देते नजर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर में नरमी आई है। ट्रंप ने शुक्रवार को ईरानी सरकार को धन्यवाद दिया कि उसने सैकड़ों प्रदर्शकारी कैदियों को फांसी नहीं दी, जैसा कि उन्होंने कहा था कि ऐसा होने वाला था। ट्रंप ने इसे एक महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया।*

### भारत-ईरान के संबंध दशकों पुराने: पहलवी



ईरान के निर्वासित युवराज रेजा पहलवी एक बयान में भारत-ईरान संबंधों की तारीफ की और साथ ही कहा कि दोनों देश नए अध्याय की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने ईरान में इंदिरा गांधी के दौरे को याद किया।

### भारत सरकार के हम आभारी

*एक यात्री ने कहा कि फिलहाल हालात स्थिर हैं। इंटरनेट बंद था और अंतरराष्ट्रीय कॉल भी काम नहीं कर रहे थे, जिससे हम डर गए थे। बाद में कॉल की सुविधा बहाल हुई। भारतीय दूतावास और सरकार ने हमारी बहुत मदद की, इसके लिए हम आभारी हैं।*

## खबर संक्षेप

### बैंक धोखाधड़ी मामले में कारोबारी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2,600 करोड़ रुपये से अधिक की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में कोलकाता के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 40 वर्षीय प्रत्युष कुमार सुरेका को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) संबंधी विशेष अदालत ने सुरेका को चार दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

### 2.3 किलो मादक पदार्थ के साथ महिला ड्रग पैडलर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग जिलों में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को कुपवाड़ा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। 'वार ऑन ड्रग्स' अभियान के तहत पुलिस ने 2.3 किलोग्राम हेरोइन जैसे मादक पदार्थ के साथ एक महिला ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कुपवाड़ा पुलिस की टीम ने गुलगाम क्षेत्र के मगराय मोहल्ला के पास चेकिंग अभियान के दौरान वाहन संख्या जेके09सी-1178 को जांच के लिए रोका।

### एक्ट्रेस कियाना का 33 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। 16 जनवरी की सुबह 7 बजे से ठीक पहले पिटकिन और मदर गैस्टन बुलेवार्ड के चौराहे पर सड़क पार करते समय एक सेडान कार ने अंडरवुड को टक्कर मार दी, जिसके बाद उन्हें लगभग दो ब्लॉक तक घसीटा गया।

### बीएमसी नतीजों के बाद मुंबई में 'खेला'

# मेयर पद पर शिंदसेना ने फंसाया पेंच! सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएमसी चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में शनिवार को दोनों उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार नहीं पहुंचे। शिंदे मुंबई में ही हैं, वहीं अजित पवार पुणे में हैं, लेकिन फिर भी दोनों कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे। शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से भाजपा से नाराज हैं। जहां, शिवसेना की ओर से बताया गया है कि एकनाथ शिंदे बीमार हैं, वहीं, अजित पवार बारामती में अपने चाचा शरद पवार से मिलने उनके घर पहुंचे हैं।

### बहुमत का आंकड़ा है 114

इसके अलावा शिंदे को पार्षद टूटने का भी डर है। 227 सदस्यीय बीएमसी में, बहुमत का आंकड़ा 114 है। भाजपा ने 89 सीटें जीतीं, जबकि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 29 सीटें जीतीं है। इसके साथ सत्तारूढ़ गठबंधन 118 पर पहुंच गया। यह आंकड़ा, बहुमत से मात्र चार सीट अधिक है। शिंदे को डर है कि कहीं पार्षद दूसरे दलों की तरफ न भागने लगे। मुख्य रूप से उन्हें उद्धव ठाकरे की पार्टी से डर है। के डर के पीछे वजह है नंबर गेम। 227 सदस्यीय बीएमसी में, बहुमत का आंकड़ा 114 है। बता दें, मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89, शिवसेना (यूबीटी) ने 65, शिवसेना (शिंदे) ने 29, कांग्रेस ने 24, मनसे ने 6, एनसीपी (अजित पवार) ने 3 और एनसीपी (शरद पवार) ने 1 में जीत हासिल की है।



**कैबिनेट मीटिंग से शिंदे-अजित पवार गायब**

**फडणवीस बोले, मैं और शिंदे मिलकर तय करेंगे मेयर**

**मुंबई के 227 वार्डों में भाजपा ने जीते हैं 89 वार्ड**

### उद्धव को भी अपना मेयर बनाने की आस

इन सबके बीच उद्धव ठाकरे ने एक खास संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) का मेयर चुनने का उनका सपना अभी जिंदा है। उन्होंने कहा कि अगर भगवान ने चाहा तो ऐसा होगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।

### शिंदे बनाना चाहते हैं अपना महापौर

*रिपोर्ट के मुताबिक, शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। शिवसेना के नगरसेवकों और नेताओं का कहना है कि मुंबई में ढाई–ढाई साल के लिए महापौर पद दिया जाए. शिंदे गुट की मांग है कि बालासाहेब ठाकरे की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर शिवसेना का महापौर बैठे। इस मुद्दे पर भाजपा और शिवसेना के नेताओं के बीच चर्चा जारी है। अब सबकी नजर इस पर है कि इस बातचीत का नतीजा क्या निकलता है। उधर सीएम फडणवीस ने कहा, मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है।*

### भारत–पाक सैन्य अभ्यास पर भड़की कांग्रेस

# जयराम बोले- विश्वगुरु बताने वालों की कूटनीति को एक और 'झटका'



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को अमेरिकी और पाकिस्तानी सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास किए जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास ने भारत की विदेश नीति की विफलता को उजागर किया है। पाकिस्तान और अमेरिकी सेनाओं ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया था। कांग्रेस के महासचिव और संचार मामलों के प्रभारी जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्वयं को विश्वगुरु कहने वाले भारत की आत्मप्रशंसापूर्ण कूटनीति को एक और झटका देते हुए अमेरिकी केंद्रीय कमान ने अभी-अभी एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी और पाकिस्तानी सेना के सैनिकों ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट' नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास पूरा कर लिया है।

### पाक का प्रशंसक बन रहा यूएस

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट में लिखा कि अमेरिका लगातार पाकिस्तान की प्रशंसा करता आ रहा है। उन्होंने लिखा कि जून 2025 में तत्कालीन अमेरिकी केंद्रीय कमान प्रमुख जनरल माइकल कुनिला ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में पाकिस्तान को एक शानदान सहयोगी बताया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए अपनी गहरी प्रशंसा बार-बार जताई, जिनकी भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से उत्तेजक टिप्पणियों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान की ओर से रचित आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। कल ही, राष्ट्रपति ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने 10 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने के लिए हस्तक्षेप किया था।

### डेयरडेविल्स के हैरतअंगेज करतब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां जोर–शोर से जारी हैं। प्रतिदिन सुबह 10 :15 बजे से लेकर दोपहर 12 :30 बजे तक कर्तव्य पथ पर रिहर्सल हो रही है। भारतीय सशस्त्र सेनाओं की डेयरडेविल्स टीम कर्तव्य पथ पर हैरतअंगेज करतबों का रिहर्सल करती हुई। इस वर्ष परेड समारोह की मुख्य थीम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर केंद्रित रहेगी। आयोजन स्थल पर कुल करीब 77 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। जबकि अभी तक इसे लेकर 32 हजार टिकटों की बिक्री हो चुकी है।

# ट्रम्प ने अब 8 यूरोपीय देशों पर लगाया 10% टैरिफ

■ ग्रीनलैंड पर कब्जे का कर रहे थे विरोध, कहा- नहीं माने तो जून से 25% टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर एक फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। वहीं ट्रम्प ने पोस्ट में 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही है और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

# भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन सिंगापुर नेवी बेस पहुंचा

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन (आईटीएस) सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पहुंच गया है। इस स्क्वाड्रन में आईएनएस तिर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और इंडियन कोस्ट गार्ड शिप सारथी शामिल हैं। यह दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी की ट्रेनिंग डिप्लॉयमेंट का हिस्सा है, जो दक्षिण पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में चल रही है। स्क्वाड्रन के पहुंचने पर भारत के हाई कमिश्नर डॉ. शिल्पक अंबुले ने ट्रेनी से मुलाकात की और



डॉ. शिल्पक अंबुले की ट्रेनी से मुलाकात

मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड के कमांडर से बातचीत की। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर की टीम ने भी प्रोफेशनल अनुभव साझा किए। वर्ष 2026 को भारत और आसियान ने 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला किया है।

## लंदन की रिफॉर्म यूके की मेयर उम्मीदवार लैला कनिंघम का विवादित बयान

# मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं लंदन के कुछ हिस्से

एजेंसी ▶▶| लंदन

यूनाइटेड किंगडम में लंदन के लिए मेयर पद की उम्मीदवार लैला कनिंघम ने बुर्के पर सुझाव देकर नए विवाद को जन्म दे दिया है। रिफॉर्म यूके की ओर से उम्मीदवार लैला ने कहा कि बुर्का पहनने वाली महिलाओं की पुलिस द्वारा रोक कर तलाशी ली जानी चाहिए। साल 2018 में होने वाले लंदन मेयर चुनाव के लिए लैला को उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि खुले समाज में चेहरा ढंकने की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि लंदन के कुछ हिस्से मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं।

### ये भी बोलीं

■ खुले समाज में चेहरा ढंकने की कोई जगह नहीं

■ बुर्का पहनने वालों की तलाशी ले पुलिस



लैला कनिंघम व बुर्के में महिलाएं

### कई मुस्लिम देशों में बुर्का बैन

*कनिंघम ने कहा कि वह लंदन में यहूदी-ईसाई संस्कृति और ब्रिटिश संस्कृति को और ज्यादा मनाते हुए देखना चाहेंगी, खासकर ईस्टर पर, जिसे उन्होंने सुझाव दिया कि पूरे शहर में ईस्टर एग हंट के साथ मनाया जा सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बुर्का पहनने से पुलिस को रोकने और तलाशी लेने का सही कारण मिलता है, तो उन्होंने कहा हां, कई मुस्लिम देशों में बुर्का बैन है। वे धार्मिक नहीं हैं।*

### चेहरे को ढंकने पर बैन लगाना चाहती हैं

*एक पॉडकास्ट में बात करते हुए लैला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक खुले समाज में आपको अपना चेहरा ढंकने की जरूरत है। मैंने एक बुर्का पहनी हुई महिला पर केस चलाया है। अगर कोई अपना चेहरा छिपा रहा है तो यह मान लेना चाहिए कि वह ऐसा किसी आपराधिक कारण से कर रहा है। उन्होंने बताया कि लंदन के कुछ हिस्से मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं और वह चेहरे को ढकने पर बैन लगाना चाहती हैं। द स्टैंडर्ड पॉडकास्ट के लिए एक इंटरव्यू में, लैला ने कहा कि अगर मैं कर पाती, तो मैं चेहरा ढंकने पर बैन लगा देती, लेकिन मैं इसे स्टॉप एंड सर्च का एक कारण बनाना चाहूंगी।*

### मुस्लिम शहर नहीं है लंदन

*लैला कनिंघम ने पिछले जून में सीपीएस प्रॉसिक्यूटर के पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उन्होंने टोरीज पार्टी छोड़कर नाइजल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी में शामिल होने के बाद भड़काऊ राजनीतिक बयान दिए थे। पिछले हफ्ते उन्हें 2028 के चुनावों के लिए पार्टी की लंदन मेयर उम्मीदवार के तौर पर पेश किया गया। वह इस मई में शहर भर में होने वाले चुनावों में रिफॉर्म पार्टी को पहली लंदन काउंसिल का कंट्रोल दिलाने की कोशिश का नेतृत्व भी करेंगी। कनिंघम ने कहा कि लंदन को ब्रिटिश ही रहना चाहिए और यह मुस्लिम शहर नहीं है।*

### ई-सेफ्टी कमिश्नर ने जारी किया डेटा

# ऑस्ट्रेलिया में 47 लाख बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक पहुंच 'प्रतिबंधित'

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया मंच के इस्तेमाल पर रोक के बाद से, सोशल मीडिया कंपनियों ने बच्चों के रूप में पहचाने गए 47 लाख खातों तक उनकी पहुंच रद्द कर दी है।

सरकार के ई-सेफ्टी कमिश्नर द्वारा जारी डाटा से पता चला है कि 10 दिसंबर को प्रतिबंध लागू होने के बाद 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। संचार मंत्री अनिका वेल्स ने कहा, हमने उन सभी को गलत साबित कर दिया इन लोगों/संस्थाओं में दुनिया की कुछ सबसे शक्तिशाली-धनी कंपनियां व




सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

उनके समर्थक भी शामिल हैं। वह बोले, अब ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता आश्वस्त हो सकते हैं कि उनके बच्चे अपना बचपन वापस पा सकते हैं। 10 सोशल मीडिया मंच ने सरकार को आंकड़े दिए हैं। पीएम एंथनी अल्बनीस ने कहा, यह उत्साहजनक है कि कंपनियां प्रतिबंध का पालन कर रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28